CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरूधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 42 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, सोमवार, 19 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

**छोटी-बड़ी खबरे...**



## जहां साइरस की जान गई, वहां इस साल 60 मौतें

### मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर 100 किमी. का पैच जानलेवा; खराब सड़क और बदइंतजामी से हादसे

**मुंबई।** टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की कार का जहां एक्सीडेंट हुआ था, वहां इस साल 62 लोगों की हादसे में मौत हुई और 192 लोग घायल हुए हैं। मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर ठाणे जिले के घोड़बंदर से पालघर जिले के दपचारी के बीच 100 किलोमीटर के हिस्से पर इस साल 262 एक्सीडेंट हुए हैं। पुलिस का कहना है कि खराब सड़क, सिग्नल्स की कमी और स्पीड कंट्रोल के उपाय न होने के कारण हादसे होते हैं। महाराष्ट्र हाईवे पुलिस के एक अफसर ने कहा कि चरोटी के पास का हिस्सा, जहां 4 सितंबर को साइरस मिस्त्री की मर्सिडीज कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, वहां इस साल की शुरुआत से अब तक 25 गंभीर हादसों में 26 लोगों की मौत हो चुकी है। चिंचोटी के पास 34 गंभीर दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत हुई है, जबकि मनोर के पास 10 दुर्घटनाओं में 11 लोगों की मौत हुई है।

**मदरसों को सरकार की जरूरत नहीं**

## दारुल उलूम के सम्मेलन में मदनी बोले- सरकारी जमीन पर मदरसा-मस्जिद बने तो खुद तोड़ें

**सहारनपुर।** यूपी में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कराए जाने का योगी सरकार ने फैसला लिया है। इसको लेकर सहारनपुर के दारुल उलूम देवबंद की मस्जिद रशीदिया में मदरसों के सर्वे को लेकर एक सम्मेलन किया गया। इस दौरान जमीयत-उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा, सर्वे सरकार का अधिकार है।

**शोक सभा में शामिल होने आए, घर लौटे वक्त हुआ हादसा**

# तेज रफ्तार ऑडी कार ने स्कूटी और बाईक को मारी टक्कर, 4 की मौत

**खेतड़ी (झुंझुनूं)।** झुंझुनूं में रविवार दो बजे तेज रफ्तार ऑडी कार ने एक बाइक और स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक और स्कूटी पर सवार चार लोगों की मौत हो गई। चारों मृतक हरियाणा के रहने वाले हैं। जो सिंघाना के पास रिश्तेदारी में शामिल होने के लिए आए थे। घटना सिंघाना- नारनौल सड़क पर खेतड़ी के पचेरी कला थाना क्षेत्र में माजरी स्टैंड पास की है। बुहाना डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे सूचना मिली की एक सड़क हादसा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि बाइक व स्कूटी के पीछे चल रही ऑडी कार ने टक्कर मार दी। चार लोग इसके शिकार हो गए। हादसे में स्कूटी सवार नारनौल तहसील के मिर्जापुर बाछौद निवासी विनोद (55) पुत्र मालाराम जांगिड़ और पत्नी विमला (52) की मौत हो गई। वहीं, उनके साथ बाइक सवार तलोट निवासी सागरमल (50) पुत्र फूलचंद और पत्नी उर्मिला (48) की मौत हो गई। सागरमल, विनोद का बहनोई लगता है। चारों लोग सिंघाना के पास तातेजा में मामा के यहां शोक सभा में शामिल होने आए थे। चारों सिंघाना से नारनौल की तरफ जा रहे थे।





इसी दौरान डूमोली से निकलते ही पीछे से तेज गति से आ रही ऑडी कार ने उनकी बाइक व स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में टक्कर मारने के बाद ऑडी कार भी पलट कर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक व स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। सिंघाना से जयपुर जा रहे सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनिया हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे। हादसे में घायलों को सिंघाना व बुहाना के राजकीय अस्पतालों में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ऑडी ड्राइवर गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर सिंघाना थानाधिकारी भजना राम, पचेरी कला थानाधिकारी बनवारी लाल यादव व डीएसपी मुकेश चौधरी मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई। इस दौरान हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक व स्कूटी को पचेरी थाने ले जाया गया है। वहीं, मृतकों के शव को बुहाना के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि गाड़ी की जांच करने पर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में पूनिया का बास के रहने वाले लोकेश पुत्र महेंद्र के नाम से होना पाई गई है। इसके लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। गाड़ी को कौन चला रहा था इसके बाद में पूछताछ की जा रही है। हादसे को लेकर परिजनों को सूचित कर दिया गया है। परिजनों के आने के बाद मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**नेता प्रतिपक्ष कटारिया बोले-20 सितंबर को विधानसभा घेरेगी बीजेपी**

# देवनानी ने कहा-गहलोत सरकार लंपी को प्रदेश में आपदा घोषित करे, सीएम गहलोत दें इस्तीफा

**जयपुर।** 19 सितम्बर से राजस्थान विधानसभा का शुरू होने वाला सत्र हंगामेदार रहेगा। 20 सितम्बर को बीजेपी राजस्थान विधानसभा का घेराव करेगी। रविवार को जयपुर में प्रदेश बीजेपी मुख्यालय पर हुई विधायक दल की बैठक में इसकी रणनीति तैयार की गई। बैठक के फौरन बाद नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया ने मीडिया से रूबरू होकर कहा- 20 सितम्बर को लंपी के मुद्दे पर बीजेपी का विधानसभा घेराव का कार्यक्रम है। जिसमें जयपुर और आसपास के जिलों से बीजेपी कार्यकर्ता आएंगे। वो विधानसभा के बाहर घेराव करेंगे और हम विधानसभा सदन के अंदर विरोध जताएंगे। बीजेपी विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा प्रदेश की गहलोत सरकार ने पिछले 6 महीने में राजस्थान का बुरा हाल कर दिया है। सेस के नाम पर टैक्स वसूल कर सरकार कमाई कर रही है, लेकिन गौसेवा के नाम पर धेला भी खर्च नहीं कर रही है। सरकार पूरी तरह नाकाम है। गायों के लिए वैक्सीन ईजाद हो चुकी है। लेकिन राज्य सरकार ने केंद्र से मांग तक नहीं की है कि टीका उपलब्ध कराओ। गायों के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाने समेत सेवा के कई काम किए जाने हैं। हममें से कई



विधायकों ने अपने कोष से 10-10 लाख रुपए दिए हैं, उसका भी अभी तक इस्तेमाल नहीं हुआ है।

### सीएम को प्रदेश में लंपी को आपदा घोषित करने से किसने रोका

सीएम अशोक गहलोत की ओर से पीएम को लंपी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग पर देवनानी ने कहा-गहलोत पहले राजस्थान में तो लंपी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करें। उन्हें राज्य में इसे आपदा घोषित करने से किसे रोका है। राज्य में तो आपदा घोषित कर नहीं रहे और केंद्र को पत्र लिख रहे हैं। वह खुद की जिम्मेदारी से भागना और सारी जिम्मेदारी केंद्र पर ढोलना चाहते हैं। यह अशोक गहलोत का दिमाग जिस तरह से काम कर रहा है मुझे लगता है बहुत फ्रस्ट्रेशन में हैं। पहले जनता को नहीं संभाल पाए और अब पशुओं को भी नहीं संभाल पा रहे हैं। चारों ओर अराजकता का माहौल है। देवनानी ने कहा-प्रदेश में सड़कों की हालत खराब है। जब मुख्यमंत्री को अपने की गृह क्षेत्र में 10 किलोमीटर सड़कों की बजाय हेलीकॉप्टर से जाना पड़ जाए और मुख्यमंत्री खुद एक भाषण में कहें कि सारे इंजीनियर ठेकेदारों से मिलकर कमीशन खा रहे हैं, तो ऐसे मुख्यमंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। जो खुद अपने शासन में भ्रष्टाचार रोक नहीं पा रहे हैं।

**देवनानी बोले-** महिला अत्याचार सहित बाकी कई मुद्दों पर विधायक दल बैठक में चर्चा की है। हम सरकार को घेरेंगे। ERCP पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। सरकार को कई बार कहा है कि टेक्निकली सही प्रस्ताव बनाकर केंद्र को भेजे। केंद्र उस पर निश्चित रूप से विचार करेगा। लेकिन सरकार बहानेबाजी करते हुए राजनीतिक स्टंट के रूप में इसे इस्तेमाल कर रही है और बीजेपी को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही है। सरकार की मंशा साफ नहीं है, यह जनता को पानी देना नहीं चाहती है । हम सरकार को कहेंगे पहले प्रस्ताव लेकर आओ। सरकार किस तरह का प्रस्ताव लेकर आती है, उसके बाद सर्वसम्मति पर विचार होगा। सत्र में गहलोत सरकार को घेरने के लिए आज शाम 4.30 बजे से 5.30 बजे तक नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया की अध्यक्षता में जयपुर में बीजेपी प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा विधायक दल की बैठक हुई।

**राहुल गांधी का पीएम मोदी से सवाल**

## पूछा-8 चीते तो आ गए, ये बताइए 8 सालों में 16 करोड़ रोजगार क्यों नहीं आए



**नई दिल्ली।** भारत में चीते के आगमन को लेकर अब सियासत भी शुरू हो गई है। भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को भी बेरोजगारी पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया- 8 चीते तो आ गए, अब ये बताइए, 8 सालों में 16 करोड़ रोजगार क्यों नहीं आए? भारत जोड़ो यात्रा अभियान के दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि देश बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहा है, लेकिन पीएम जंगल में चीतों को रिहा करने में व्यस्त हैं। वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि हमारा शेर भारत जोड़ो यात्रा पर निकला हुआ है तो भारत तोड़ने वाले विदेश से अब चीते ला रहे हैं। दूसरी ओर सपा अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चीते की एक वीडियो ट्वीट कर चुटकी ली। उन्होंने लिखा- सबको इंतजार था दहाड़ काज्पर ये तो निकला बिल्ली मौसी के परिवार का।

### राहुल बोले- खुशी है चीतों को फिर से लाया जा रहा है

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम को अपना समय देश की समस्याओं को सुलझाने में लगाना चाहिए, लेकिन वह चीतों की तस्वीरें खींचने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा- मुझे चीतों से कोई समस्या नहीं है, उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। और मुझे खुशी है कि चीतों को फिर से लाया जा रहा है, लेकिन पीएम को लाखों बेरोजगार युवाओं पर भी ध्यान देना चाहिए।

**क्वीन एलिजाबेथ का अंतिम संस्कार कल**

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्रद्धांजलि अर्पित की, ज्यादातर राष्ट्राध्यक्ष कल आएंगे

**लंदन।** ब्रिटेन की क्वीन एलिजाबेथ-II का अंतिम संस्कार सोमवार को होगा। इसके पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार दोपहर लंदन के वेस्टमिंस्टर हॉल पहुंचीं। उन्होंने क्वीन को भारत के लोगों की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्रिटेन में 10 दिन का राजकीय शोक है। क्वीन का निधन 8 सितंबर को हुआ था। कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष अंतिम संस्कार में हिस्सा लेंगे। हालांकि, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के आने पर तस्वीर अब भी साफ नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के आने की पुष्टि हो चुकी है।

### अंतिम संस्कार में 2 हजार VVIP होंगे शामिल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 2 हजार वीवीआईपी अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। भारतीय समय के अनुसार, अंतिम संस्कार दोपहर 3.30 बजे होगा। इसका दुनिया के कई देशों में लाइव टेलिकास्ट किया जाएगा।

**रूस को नहीं बुलाया:-** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, उनकी पत्नी सहित बेल्जियम, स्वीडन, नीदरलैंड्स और स्पेन के राजा-रानी शामिल होंगे। फ्रांस, ब्राजील, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, तुर्कीये आदि देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी पहुंचेंगे। रूस, बेलारूस, म्यांमार, ईरान को निमंत्रण नहीं दिया गया है।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में देवेंद्र ने जीता सिल्वर मेडल

**60.97 मीटर भाला फेक बढ़ाया भारत का मान, बोले - पैरा खिलाड़ियों के प्रति बदला नजरिया**

**जयपुर।** वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में भारत के खिलाड़ियों ने भाला फेंककर देश का नाम दुनियाभर में रोशन किया है। मोरक्को के मारकेच सिटी में आयोजित ग्रांड प्रिक्स में देवेंद्र झाझड़िया ने 60.97 मीटर दूर भाला फेक सिल्वर मेडल जीता है। वहीं भारत के ही अजीत कुमार ने 64 मीटर भाला फेक गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। सिल्वर मैडल जितने के बाद देवेंद्र ने कहा कि टोक्यो पैरा-ओलंपिक के बाद में फिर से ट्रेनिंग पर आ गया था। पिछले कुछ सालों में भारत में स्पोर्ट्स का माहौल बदल रहा है। लोगों का स्पोर्ट्स और दिव्यांगों के प्रति नजरिया बदल रहा है। अब हमारे देश में पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब के साथ खेलोगे कूदोगे तो बनोगे लाजवाब का नारा चल रहा है। जिससे युवाओं के साथ उनके परिजन भी खेलो का महत्त्व समझ रहे है। देवेंद्र ने कहा कि हर किसी के जीवन में एज फेक्टर होता है। खिलाड़ियों के लिए तो खास तौर पर होता है। लेकिन आप अपने समर्पण, सूझबूझ और मेहनत से इसका असर कम कर सकते हैं। बढ़ती उम्र के साथ रिकवरी मुश्किल से होती है। तो आपको यह ध्यान रखना होता है कि कैसे कम से कम इंजरी हो।

# झारखंड का रहने वाला 15 लाख रुपए का इनामी नक्सली नालासोपारा से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** 15 लाख का एक इनामी नक्सली गिरफ्तार किया गया है. उसे मुंबई से सटे नालासोपारा से गिरफ्तार किया गया है. यह नक्सली झारखंड के हजारीबाग का रहने वाला है. आज (रविवार, 18 सितंबर) महाराष्ट्र एटीएस की कार्रवाई में यह नक्सली पकड़ा गया है. महाराष्ट्र एटीएस ने मुम्बई से सटे नालासोपारा के धानिव बाग राम नगर इलाके में रेड की. रेड में एटीएस ने इस करु हुलस यादव नाम के नक्सली को गिरफ्तार किया. यह झारखंड में सक्रिय है और 2004 से ही बैन माओवादी संगठन का सदस्य है. उसके खिलाफ कई केसेस दर्ज हैं. हुलस यादव अब तक 30 से ज्यादा वारदातों को अंजाम दे चुका है. महाराष्ट्र एटीएस ने झारखंड पुलिस को इसकी गिरफ्तारी की सूचना दे दी है.आरोपी से पूछताछ की जा रही है. वह इलाज के लिए मुम्बई आया था और नालासोपारा में



छिपकर रह रहा था. एटीएस के मुताबिक 2004 में सीपीआई जॉइन करने के बाद आरोपी ने कई घटनाओ को अंजाम दिया.

महाराष्ट्र एटीएस ने एक खास ऑपरेशन को अंजाम दिया. एटीएस की टीम ने मुंबई से सटे ठाणे जिले के नालासोपारा पूर्व के रामनगर में छापे मारे. यहां धन्वी चॉल में मारे गए छापे में नक्सली करु हुलस यादव को पहले हिरासत में लिया गया और फिर पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया. करु हुलस यादव प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई (माओइस्ट) के झारखंड राज्य की क्षेत्रीय समिति का सदस्य है. गिरफ्तारी किए गए नक्सली की उम्र 45 साल है. यह इनामी नक्सली झारखंड के हजारीबाग जिले के कडकमसंडी तहसील के डोडगा गांव का रहने वाला है. पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह 2004 से ही प्रतिबंधित माओवादी ग्रुप का सक्रिय सदस्य रहा है. उस पर 15 लाख रुपए का इनाम रकी ओर से हुलस यादव से पूछताछ शुरू है.

**राजस्थान में बारिश की चेतावनी...**

# भारी बारिश के 10 से ज्यादा अलर्ट आए; हर दो घंटे के लिए भी हुई भविष्यवाणी

**जयपुर।** बारिश, सर्दी, गर्मी या फिर कैसा भी मौसम हो जब भविष्यवाणी की बात आती है तो यह कहा जाता है कि जैसा बोलते हैं वैसा होता नहीं है। बारिश की भविष्यवाणी हुई, लेकिन आई नहीं, सर्दी का बोला और सर्दी आई ही नहीं, लेकिन, इस बार मानसून सीजन में विभाग की भविष्यवाणी काफी हद तक सटीक रहीं। जयपुर मौसम केन्द्र ने इस मानसून सीजन में बारिश को लेकर जितने फोरकास्ट या अलर्ट जारी किए इनमें से 83 से 87 फीसदी बिल्कुल सही साबित हुए। वहीं, गलत भविष्यवाणी की बात करें तो ये केवल 13 फीसदी थीं। जयपुर मौसम केन्द्र ने जुलाई और अगस्त के महीने में 60 से ज्यादा फोरकास्ट (डेली) और 10 से ज्यादा वॉर्निंग (आगमी 5 दिन में भारी या अतिभारी बारिश या



### इन कारणों से आता है अच्छा फोरकास्ट

निदेशक ने बताया कि आज के दौर में वेदर के फोरकास्ट की एक्युरेसी जो बढ़ी है उसके पीछे सबसे बड़ा कारण हाई टेक्नॉलोजी के वेदर सिस्टम है। सिस्टम की बात करें तो हाई रिजोल्यूशन वाले न्यूमेरिकल वेदर प्रिडिक्शन मॉडल है, जो लॉन्ग रेंज फोरकास्ट के लिए अच्छे हैं। इसके अलावा जो शॉट रेंज फोरकास्ट में ये एक्युरेसी का प्रतिशत 90 फीसदी के आसपास रहा है। जबकि, शॉट रेंज फोरकास्ट के लिए लेटेस्ट टेक्नॉलोजी में डॉप्लर रडार सिस्टम और लेटेस्ट सैटेलाइट का रोल अहम है।

थंडरस्ट्रॉम की चेतावनी) जारी की। इसमें से 80 फीसदी यानी करीब 49 फोरकास्ट बिल्कुल सही रहे।

**दिल्ली में 1.22 करोड़ रजिस्टर्ड गाड़ियां**

# सड़कों की लंबाई दोगुनी हुई लेकिन गाड़ियों की संख्या तीन दशक में 21 गुना बढ़ी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली देश के उन शहरों में शुमार है जो आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है। पिछले तीन दशकों में दिल्ली की सड़कों पर वाहनों की संख्या में लगभग 21 गुना वृद्धि हुई है, जबकि सड़क की लंबाई केवल दोगुनी हुई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की एनुअल रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में दिल्ली में सभी कैटेगरीज के 1.22 करोड़ से अधिक रजिस्टर्ड व्हीकल थे। 1981 से 2021 तक तीन दशक के बीच मोटर व्हीकल्स की तादाद में लगभग 21 गुना बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं इसी टाइम पीरियड में सड़क की लंबाई 15,487 किमी से बढ़कर महज 33,198 किमी हो सकी है। राजधानी की सड़कों पर लगातार बढ़ती भीड़ ने कई परिवहन समस्याओं में खुद को प्रकट किया है। मेन रोड का ट्रैफिक सड़कों की वहन क्षमता की दहलीज को लगभग पार कर गया है। बढ़ती आबादी और सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। व्हीकल पॉप्युलेशन, मानव



व्यवहार, अधूरे और कम ट्रैफिक साइन, डिफेक्टिव रोड डिजाइन, गाड़ियों की डिजाइनिंग में खामियां, कुछ ऐसे कारण हैं जो दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ा रहे हैं। इनके अलावा शराब पीकर गाड़ी चलाना, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, यातायात नियमों का उल्लंघन भी सामान्य कारण हैं।

### एक सालः मौतें- 1239, चालान 80 करोड़ से ज्यादा

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक 2021 में राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में 1,239 लोगों की जान चली गई, जबकि 4,273 घायल हुए। वहीं 2020 में दिल्ली में सड़क दुर्घटना में सबसे ज्यादा 1,196 मौतें हुई, उसके बाद चेन्नई में 872 और बेंगलुरु में 646 मौतें हुई।अधिकारियों का कहना है कि 2020-2021 में, दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए, गलत सड़क यूजर्स के खिलाफ मुकदमा चलाने की रणनीतियों बनाई गई थी। 2021 में स्पॉट चालान 13,23,556 को और 65,69,985 को नोटिस वाहन चालकों को जारी किए गए थे। जिसके बाद 9,79,80,500 और 71,82,19,300 रुपए की चालान राशि ट्रैफिक पुलिस को मिली थी।

## संपादकीय

# फिर यूक्रेन वापसी...

रूस ने जब सात महीने पहले यूक्रेन पर हमला किया था तब यूक्रेन में मेड़िकल की पढ़ाई कर रहे 20,000 से अधिक भारतीय छात्रों को विशेष अभियान चलाकर वापस लाया गया था। इस वापसी को विशेष उपलब्धि के तौर पर प्रस्तुत किया गया था। इन छात्रों को भारत के मेड़िकल कॉलेजों में समायोजित करने के आश्वासन देते केंद्र सरकार के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को रोज ही टीवी पर देखा जा सकता था, लेकिन यूक्रेन से लौटे हजारों भारतीय मेड़िकल छात्रों की उम्मीदों को तब जोर का झटका लगा, जब केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि कानून के प्रावधानों के अभाव में इन विद्यार्थियों को भारतीय मेड़िकल कॉलेजों में समायोजित करना संभव नहीं है। यानी सीधे तौर पर उन छात्रों को किसी भी मेड़िकल कॉलेज में दाखिला नहीं दिया जा सकता है। केंद्र ने बृहस्पतिवार को दायर हलफनामे में बताया है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की ओर से किसी भारतीय चिकित्सा संस्थान/विवि में एक भी विदेशी मेड़िकल छात्र को स्थानांतरित करने या समायोजित करने की अनुमति नहीं दी गई है। यह हलफनामा उन छात्रों की याचिकाओं के जवाब में दायर किया गया है जो अपने संबंधित विदेशी मेड़िकल महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों में पहले से चौथे वर्ष के बैच के मेड़िकल छात्र हैं, और भारतीय चिकित्सा महाविद्यालयों में स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं। सरकार का कहना है कि भारतीय चिकित्सा महाविद्यालयों में यूक्रेन से लौटे विद्यार्थियों के स्थानांतरण या समायोजन के बारे में कोई भी छूटग न केवल भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियमग 1956 और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिनियम 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करेगी, बल्कि देश में चिकित्सा शिक्षकों के मानकों को भी गंभीर रूप से बाधित करेगी। इस घटनाक्रम से हजारों मेड़िकल विद्यार्थियों को गहरी निराशा हाथ लगी है। इस फैसले पर कोविड़-19 के प्रकोप के बाद चीन के विश्वविद्यालयों से लौटे हजारों छात्रों की भी नजरें लगी थीं। यूक्रेन से आए विद्यार्थियों के पास भी अब पढ़ाई पूरी करने के लिए युद्धग्रस्त यूक्रेन में वापस लौटने के सिवा कोई और चारा नहीं रह गया है। चौथेग्पांचवें और छठे वर्ष के छात्रों ने तो लौटना भी शुरू कर दिया है। यद्यपि उन्हें दुनिया के किसी भी देश के विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने की छूट दी गई है, लेकिन इस कार्य में भी तो अनेकों तकनीकी दिक्कतें हैं।

# हेमंत का सियासी दांव 1932 का खतियान

अगस्त के आखिरी सप्ताह से शुरू हुए राजनीतिक अनिश्चितता के बीच झारखंड में 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति तथा नौकरियों में ओबीसी, एसटी और एससी आरक्षण में बढ़ोतरी को लागू करना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सियासी दांव माना जा रहा है। झारखंड में हमेशा से 1932 आधारित स्थानीय नीति का मुद्दा आदिवासियों और मूलवासियों की भावनाओं से जुड़ा रहा है। इसे अमलीजामा पहनाने के लिए कैबिनेट की मुहर लगने के बावजूद दोनों प्रस्तावों को जमीन पर उतारने से पहले कई प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। स्थानीय नीति और नौकरियों में कुल 77 प्रतिशत आरक्षण पहले झारखंड विधानसभा से पारित होगा। विधेयक की मंजूरी के बाद इसे केंद्र भेजा जाएगा, ताकि इसे 9वीं अनुसूची में शामिल किया जा सके। इस फैसले से इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि झारखंड विधानसभा का अगला चुनाव यूपीए गठबंधन मिलकर लड़ेगा। जाहिर तौर पर सीटों को लेकर बैठकें करनी पड़ेंगी, लेकिन एसटी, एससी और ओबीसी की श्रेणी के आरक्षण में कुल 17 फीसदी इजाफा करके यूपीए इन वर्गों का कम से कम दस फीसदी वोट अपने पक्ष में करना चाहता है। यही कारण है कि हेमंत सरकार ने अपने कोर वोटर 26.2 फीसदी आदिवासी, धर्मांतरित इसाई समेत 19 फीसदी अल्पसंख्यक पर केन्द्रित होकर अब तक कई निर्णय लिये हैं। इसी कड़ी में 1932 खतियान का मसला है। मंडल कमीशन की रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड में करीब 50 फीसदी ओबीसी हैं। 2019 विधानसभा चुनाव में झामुमो को तकरीबन 28 लाख वोट मिले थे। झामुमो का अगला लक्ष्य 38 से 40 लाख वोट हासिल करना है। हाल में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर राज्य में पहली बार जनजातीय महोत्सव का आयोजन हुआ। हेमंत ने ऐलान किया कि अब कोई आदिवासी महाजनों और साहूकारों का कर्ज नहीं लौटाएगा। विवाह या मृत्यु के मौके पर सामूहिक भोज के लिए सौ किलो चावल और दस किलो दाल मुहैया कराने का ऐलान किया गया। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के खिलाफ तीन दशक से आदिवासी-मूलवासी की मांग को पूरा करते हुए अवधि विस्तार को खारिज किया गया। पैंसठ हजार पुलिसकर्मियों को हर साल 20 दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश देने का निर्णय लिया गया। इसके पहले दिल्ली पुलिस की तर्ज पर यहां के पुलिसकर्मियों को साल में एक माह का अतिरिक्त वेतन देने का प्रावधान किया गया। चुनावी वादे और तेज पकड़ती मांग के मद्देनजर पिछड़ों को आरक्षण का कोटा बढ़ाने की खातिर एसटी, एससी और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लिए एक उपसमिति का गठन किया गया। गुमला में सीएनटी-एसपीटी पत्थलगड़ी समर्थकों के खिलाफ दर्ज केस वापस लेने का निर्णय किया गया। मुख्यमंत्री बनते ही खूंटी में पत्थलगड़ी से जुड़े मामले वापस करने का फैसला किया था। 50 हजार स्कूली शिक्षकों के लिए पद सृजित किया गया। रांची में सड़क और आरओबी के लिए करीब सात हजार करोड़ की योजना का शुभारंभ किया गया। सर्वजन पेंशन योजना लागू कर कई लाख गरीबों को इससे जोड़ा गया। सरकारी सेवकों को प्रभावित करने वाली पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए कमेटी गठित की गई। उसके पहले पैरा-शिक्षक, धोती-साड़ी योजना, सरना कोड, खेल नीति 2022 जैसे जनता से जुड़े मुद्दों पर नियोजित तरीके से वे फैसले करते रहे। इससे पहले खनन लीज पर चुनाव आयोग का मंतव्य 25 अगस्त को राजभवन पहुंचा था। इसके बाद लगातार चर्चा चल रही थी कि हेमंत सोरेन की सदस्यता अगर जाती है तो महागठबंधन सरकार का क्या होगा? हेमंत रहेंगे या किसी और को अपनी कुर्सी सौंपेंगे? लेकिन सत्तारूढ़ विधायकों को एकजुट रखने के लिए उनको रांची से रायपुर ले जाने का निर्णय हो अथवा विशेष सत्र बुलाकर सरकार का विश्वास मत हासिल करना सभी में हेमंत सोरन ने उत्तरोत्तर परिपक्व नेता होने का परिचय दिया। विशेष सत्र के दौरान अपने सियासी विरोधियों को चुनौती भरे अंदाज में यह कहना कि आंदोलनकारी का बेटा हूं, न डरा हूं और न ही किसी को डराऊंगा से झारखंड और अपने वोटरों को संदेश देने में वह कामयाब दिख रहे हैं। कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा 1932 के खतियानी पर राज्य सरकार के फैसले से नाखुश हैं। शिकायत जाहिर की है. सोशल मीडिया पर भी अपनी बात रखी है। गीता के मुताबिक इस पर पुनर्विचार की जरूरत है। कोल्हान के लोगों के लिए यह नुकसानदायक है। उधर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने राज्य सरकार के फैसले को ऐतिहासिक और बहुप्रतीक्षित बताया है। ऐसे में अब दिख रहा है कि प्रदेश कांग्रेस के लिए अभी 1932 के खतियान पर फिलहाल एक राय नहीं है। पार्टी के अंदर ही अलग अलग बोल फूट रहे हैं। गीता कोड़ा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील करते कहा है कि झारखण्ड में 1932 के खतियान को आधार मानते हुए स्थानीयता के परिभाषा को पारित किया गया है।इस निर्णय से झारखण्ड के कोल्हान क्षेत्र की आम जनता स्थानीय अर्थात झारखंडी होने से वंचित रह जायेगी।अपनी ही जन्मस्थली पर स्थानीय का दर्जा नहीं मिलने से इस क्षेत्र की जनता प्रवासी बनकर रह जायेगी। कोल्हान में सर्वे सेटलमेंट 1964, 65 और 70 में किया गया था। ऐसी परिस्थिति में 1932 के खतियान को स्थानियता का आधार बनाना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है।

## चिंतन-मनन

# सम्मान करो संपूर्णता से

तुम किसी का सम्मान उसकी ईमानदारी, बुद्धिमत्ता, प्रेम और कार्य कुशलता जैसे सद्गुणों के लिए करते हो परंतु समय के साथ-साथ इन गुणों में परिवर्तन आता है। जिसके कारण तुम उनका सम्मान नहीं कर पाते। तुम केवल सद्गुणों का, महानता का सम्मान करते हो। मैं संपूर्णता से हर एक का सम्मान करता हूं। इसीलिए किसी भी व्यक्ति के लिए मेरा सम्मान कम नहीं होता। सम्मान पाने के लिए किसी को महान होने की आवश्यकता नहीं। जीवन का सम्मान महान बनाता है। दूसरों से सम्मान की अपेक्षा मत करो। यह कमजोर बनाता है। आत्मा का सम्मान करो। तब कोई तुम्हारे आत्म सम्मान को ले नहीं सकता। जब कोई तुम्हें सम्मान देता है, तो इसलिए नहीं कि तुममे कुछ विशेष गुण हैं। यह उनकी महानता और उदारता के कारण है। यदि तुम कहते हो, ईश्वर महान है, यह तुम्हें महान बनाता है। ईश्वर तो महान हैं ही- तुम्हारे कहने से ईश्वर को कोई फर्क नहीं पड़ता। जब तुम किसी को सम्मान देते हो, यह तुम्हारी विशालता दर्शाता है। यदि तुम सबका सम्मान करते हो तो उतना अधिक तुम्हारा मोल है। वह ज्ञानी है, जो सबका सम्मान करता है। सम्मान देना उन्नत चेतना का गुण है। आत्मा के प्रति सम्मान निष्ठा है और निष्ठा है उन्मुक्त होना। जिस प्रकार तुम मुझे सम्मान देते हो, उसी तरह सबको सम्मान दो। परंतु जो अपेक्षा तुम सबसे करते हो, वह सबसे मत करो। प्राय- तुम इसका उल्टा करते हो। तुम सबको वह आदर नहीं देते, जो मुझको देते हो पर आशा करते हो कि वे तुम्हें खुशी दें, तुमसे उत्तम व्यवहार करें। जब उनका व्यवहार तुम्हारी अपेक्षानुसार नहीं होता, तब तुम निराश होते हो और उनको दोषी ठहराते हो, उनकी निन्दा करते हो। निन्दा करने से, अभिशाप देने से, तुम्हारी आध्यात्मिक शक्ति क्षीण होती है। आशीर्वाद तुम्हारी आध्यात्मिक शक्ति बढ़ाता है। सहनशीलता, धैर्य और विवेक से कुशलतापूर्वक आगे बढ़ो। यदि तुम्हारे आसपास मूर्ख हैं, तो समझो, वे तुम्हें और बुद्धिमान बनाएंगे। तुम कितने केंद्रित हो, यह तुम्हारे आसपास रहने वाले मूर्खों की संख्या से मालूम पड़ता है। मूर्खों को हटाने का प्रयास मत करो। यदि तुम केंद्रित नहीं हो, तो तुममे उनको बर्दाश्त करने का धैर्य नहीं होगा। जब तुम पूर्ण रूप से आत्मस्थित हो, तब पाते हो कि मूर्ख से भी ज्ञान मिल सकता है। वे तुम्हारे ही प्रतिबिम्ब हैं। मूर्ख तुम्हें हताश भी कर सकते हैं, या ज्ञान भी दे सकते हैं, चुनाव तुम्हारा है।

# बाघों के बाद मप्र को चीतों का स्टेट बनाने के लिए धन्यवाद शिवराज जी!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत सरकार ने मध्य प्रदेश को विश्व की पहली अंतरमहाद्वीपीय बड़े जंगली जानवर की स्थानांतरण परियोजना के लिए चुना और देश से विलुप्त हो चुके चीतों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत के हृदय प्रदेश में बसाहट कार्य को पूर्णता प्रदान की गई। निश्चित ही मध्य प्रदेश के जो भी वासी हैं, उन्हें अवश्य ही इस बात के लिए गौरव होगा कि देश के तमाम बड़े राज्यों को छोड़कर मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान को इस कार्य के लिए चिह्नित किया गया। किंतु सच पूछिए तो इस पूरी योजना को अन्य राज्यों के बीच से मध्य प्रदेश लाने के लिए जितना प्रयास राज्य सरकार के अधिकारियों एवं स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया है, उसके लिए उनको जितना धन्यवाद दिया जाएगा, आज वास्तव में वह कम ही होगा।

वस्तुतः राजनीतिक जीवन में कार्य करते हुए कई बार कुछ काम ऐसे भी हो जाते हैं, जोकि न केवल वर्तमान समय में बल्कि भविष्य के लिए भी एक दिशा तय कर देते हैं। इस दृष्टिकोण से भी देखें तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके शासन-प्रशासन द्वारा चीतों की बसाहट वाला प्रदेश बनाने के लिए किए यह प्रयास आनेवाली पीढ़ियों के लिए निश्चित ही उदाहरण प्रस्तुत करेगा कि कैसे अपने राज्य को हर स्थिति में समृद्ध बनाए जाने और रखने के लिए योजनाओं को बनाने के साथ उसकी सफलता के लिए पूर्ण मनोयोग से लगा जाता है। अब मध्य प्रदेश का चीता स्टेट बनना कई मायनों में अहम है।

कहना होगा कि देश के दिल मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को 70 वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद पुन- बसाने का कार्य हुआ है। इससे पहले की स्थिति को देखें तो भारत में वर्ष 1952 में इस प्राणी को विलुप्त घोषित कर दिया गया था। तब से देश में कोई चीता दिखाई नहीं दिया, किंतु भारत सरकार के अथक प्रयासों से 'चीता' वर्ष 2022 में पुन- पुनर्स्थापित किया जा सका है। वस्तुत- इससे जुड़े तथ्यों को देखें तो भारत में चीतों के विलुप्त होने के बाद तत्कालीन केंद्र सरकार 1972 में वाइल्डलाइफ (प्रोटेक्शन) एक्ट लेकर आई थी, जिसमें कि किसी भी जंगली जानवर के शिकार को प्रतिबंधित कर दिया गया।

साल 2009 में राजस्थान के गजनेर में वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूटीआई) की ओर से एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया और इसी में सर्वप्रथम यह विषय आया कि कैसे पुन- भारत में चीतों की बसाहट संभव हो सकती है। बैठक में देश भर की कुछ जगहों को चिन्हित किया गया, राज्यों के स्तर पर पाया गया कि गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ का वातावरण चीतों के लिए सबसे अधिक उपयुक्त है । इसके पीछे वन्यजीव वैज्ञानिकों का चीतों को लेकर किया गया जेनेटिक अध्ययन भी था जिसमें बताया गया कि कहां पर रखने से वे तेजी के साथ अपने कुनबे को भारत में बढ़ाने में

**इससे चीते को शिकार का भरपूर मौका मिलेगा। इतना ही नहीं पार्क के बीच में कूनो नदी बहती है, इंसानों का आना-जाना भी इस संपूर्ण क्षेत्र में बहुत कम है, इसलिए ही विशेषज्ञों ने यहां पर चीतों के सर्वाइव करने की संभावना सबसे अधिक बताई है । वैसे मध्य प्रदेश अपनी वन्य संपदा एवं विविधता से भरे वन्य प्राणियों के लिए विश्व प्रसिद्ध है, इसलिए ही यहां देश-विदेश के पर्यटक भरपूर संख्या में आते हैं। ऐसे में अब बाघों के बाद चीता स्टेट बन जाने के बाद यह उम्मीद भी बंधी है कि मध्य प्रदेश इस परियोजना की सफलता के साथ ही दुनिया भर के देशों के लिए भी एक नजीर बनेगा कि कैसे सफल प्रबंधन से आप असंभव को भी संभव बना सकते हैं।**



सफल रहेंगे। किंतु आगे 10 वर्षों तक इस कार्य में कोई सफलता नहीं मिल सकी थी, फिर जब 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी को इसकी मंजूरी दी, तब जाकर प्रयोग के लिए अफीकन चीते को भारत के जंगलों में लाए जाने को लेकर सार्वजनिक सहमति बन सकी।

प्रायः देखा यही गया है कि तेंदुए और चीते में भेद करना मुश्किल होता है। भारत में तेंदुए तो पर्याप्त हैं लेकिन एक बार चीते जंगलों से गायब हुए तो पुन- कहीं भी वन्य विभाग को दिखाई नहीं दिए थे। किंतु जब प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विचार इस संदर्भ में मिले तो चीते कई हजार किलोमीटर सुदूर अफ्रीका के नामीबिया से चलकर भारत में प्रकट हो गए हैं। बड़े मांसाहारी वन्यप्राणी की शिफ्टिंग की यह दुनिया की पहली परियोजना है। जिन चीतों को पार्क में छोड़ा गया है, उन्हें लाने के लिए भारत और नामीबिया सरकार के बीच 20 जुलाई 2022 को एग्रीमेंट हुआ था।

वस्तुतः बात सिर्फ चीतों को मध्य प्रदेश में बसाने की नहीं है। यह इससे भी आगे उस विश्वास की है, जिस पर स्वयं प्रधानमंत्री मोदी भरोसा करते हैं। उन्हें विश्वास है कि कभी विलुप्त प्राय- हो चुके बाघों की तरह ही मध्य प्रदेश में चीतों का इतना ध्यान रखा जाएगा कि वह भी आनेवाले समय में बाघों की सघन संख्या के बराबर आ जाएंगे या उनसे कुछ अधिक हो जाएंगे। यह गर्व की बात है कि देश में सबसे ज्यादा बाघ मध्य प्रदेश में है और मध्य प्रदेश को बाघ प्रदेश का दर्जा मिला हुआ है। मध्य प्रदेश में देश में सबसे अधिक संख्या में 526 बाघ हैं। इसके बाद कर्नाटक में 524 बाघ और उत्तराखंड 442 बाघ के साथ तीसरे नंबर पर है।

यहां याद आता है वह घोषणा पत्र, जो दुनिया के तमाम देशों के बीच न केवल पढ़ा गया था, बल्कि उसका पालन पूरी दुनिया के देशों को करना था, किंतु कभी ऐसा हुआ नहीं। प्रत्येक वर्ष विश्व बाघ दिवस 29 जुलाई को मनाए जाने का निर्णय वर्ष 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग बाघ सम्मेलन में किया गया था। इस सम्मेलन में बाघ की आबादी वाले 13 देशों ने वादा किया था कि वर्ष 2022 तक वे बाघों की आबादी दोगुनी कर देंगे। किंतु भारत को छोड़कर कोई देश अपने लक्ष्य को हासिल करते हुए नहीं दिखा है। राज्य के स्तर पर बात की जाए तो मध्यप्रदेश बाघों के प्रबंधन में इस लक्ष्य को प्राप्त करने में उत्तरोत्तर हुए सुधारों के कारण से बहुत सफल रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की संवेदनशील पहल के परिणामस्वरूप बाघों की संख्या में वृद्धि के लिये निरंतर प्रयास किए गए हैं । यही कारण है कि आज विश्व वन्य-प्राणी निधि एवं ग्लोबल टाईगर फोरम द्वारा प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार विश्व में आधे से ज्यादा बाघ भारत में रहते हैं।

यह मध्य प्रदेश के लिये गौरव की बात है कि भारतीय वन्य जीव संस्थान (वाईल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट) ने भारत में चीता पुनर्स्थापना के लिए किये गये संभावित क्षेत्रों के सर्वेक्षण में देश में चयनित दस स्थानों में राज्य के कूनो राष्ट्रीय उद्यान को सर्वाधिक उपयुक्त पाया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस प्रोजेक्ट को लेकर इतने उत्साहित रहे कि वे अपने अधिकारियों के साथ लगातार इस विषय को लेकर समय-समय पर बैठते रहे।

कूनो राष्ट्रीय पार्क 750 वर्ग किलोमीटर में फैला है। साथ ही यह तीन हजार वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र दो जिलों श्योपुर और शिवपुरी तक विस्तारित है, इसलिए यह संपूर्ण क्षेत्र चीतों के स्वच्छंद विचरण के लिए उपयुक्त है। चीते को ग्रासलैंड यानी थोड़े ऊंचे घास वाले मैदानी इलाकों में रहना पसंद है। यहां चीतों के लिए खाने की कोई कमी नहीं है। जिन्हें चीते पसंद से खाते हैं, ऐसे चीतल जैसे जीव काफी बड़ी संख्या में यहां मौजूद हैं। इसके अलावा यहां चीतों के शिकार के लिए पहले ही 200 सांभर, चीतल अन्य जानवर खासतौर पर लाकर बसाए गए थे, जिनकी जनसंख्या समय के साथ बढ़ती रही। कूनो में सांभर, नीलगाय, जंगली सुअर, चिंकारा, चौसिंघा, ब्लैक बक, ग्रे लंगूर, लाल मुंह वाले बंदर, शाही, भालू, सियार, लकड़बग्घे, ग्रे भेड़िये, गोल्डेन सियार, बिल्लियां, मंगूज जैसे कई जीव भी मौजूद हैं।

वस्तुतः इससे चीते को शिकार का भरपूर मौका मिलेगा। इतना ही नहीं पार्क के बीच में कूनो नदी बहती है, इंसानों का आना-जाना भी इस संपूर्ण क्षेत्र में बहुत कम है, इसलिए ही विशेषज्ञों ने यहां पर चीतों के सर्वाइव करने की संभावना सबसे अधिक बताई है । वैसे मध्य प्रदेश अपनी वन्य संपदा एवं विविधता से भरे वन्य प्राणियों के लिए विश्व प्रसिद्ध है, इसलिए ही यहां देश-विदेश के पर्यटक भरपूर संख्या में आते हैं। ऐसे में अब बाघों के बाद चीता स्टेट बन जाने के बाद यह उम्मीद भी बंधी है कि मध्य प्रदेश इस परियोजना की सफलता के साथ ही दुनिया भर के देशों के लिए भी एक नजीर बनेगा कि कैसे सफल प्रबंधन से आप असंभव को भी संभव बना सकते हैं।

## विचार मंथन

# जंग से क्या हासिल

सिद्धार्थ शंकर

रूस ने पिछले दिनों यूक्रेन के खारकीव से अपनी सेनाओं को वापस बुलाने का ऐलान किया था। उसके बाद से ही यूक्रेनी सेना आक्रामक है और तेजी से आगे बढ़ रही है। यही नहीं कुछ तस्वीरों में तो यह भी सामने आया है कि यूक्रेन की सेना ने रूसी डिफेंस लाइन को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। वहीं रूस का कहना है कि उसने खारकीव से अपने सैनिकों को इसलिए वापस बुलाया है क्योंकि उन्हें पूर्वी मोर्चे पर तैनात करना है। खबरों में कहा गया है कि यूक्रेन की सेना ने वेलिकी बुरलुक पर कब्जा जमा लिया है। यह कस्बा खारकीव से 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो यूक्रेन और रूस की सीमा से बहुत ज्यादा दूर नहीं है। यूक्रेन की सेना का दावा है कि उसने चकालोवस्के कस्बे को भी रूसी मिलिट्री के कब्जे से वापस ले लिया है। इसके अलावा अब रणनीतिक रूप से अहम प्रांत इजियम पर सबकी नजरें हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से एक मैप जारी किया गया था, जिसमें यह बताया गया था कि खारकीव के ज्यादातर हिस्से से रूस की सेना निकल गई हैं। हालांकि उसके अलावा कोई टिप्पणी रूसी सेना की ओर से नहीं की गई थी। यूक्रेन की सेना का कहना है कि अगले कुछ दिनों में हमारे नियंत्रण वाले इलाके में और इजाफा हो जाएगा। इसी साल मार्च में रूस की सेना को कीव से बाहर धकेलने के बाद से यूक्रेन की यह दूसरी बड़ी सफलता मानी जा रही है। कीव के बाद खारकीव यूक्रेन का सबसे अहम शहर माना जाता रहा है। बता दें कि फरवरी में रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल



दिया था और करीब 200 दिनों से दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है। बता दें कि बीती 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया था। रूस इसे स्पेशल ऑपरेशन का नाम देता है। यूक्रेन के सेना ने भी रूस का सामना किया। इस युद्ध में दोनों तरफ के काफी सैनिक मारे गए हैं बावजूद इसके यूक्रेन ने अब तक घुटने नहीं टेके हैं। वहीं पुतिन भले ही इस युद्ध से बहुत कुछ प्राप्त करने की बात कह रहे हैं लेकिन नाटो ने इस युद्ध के खिलाफ बड़ी गोलबंदी कर ली है। पूर्वी यूरोप में नाटो ने अपनी स्थिति मजबूत की है और अब स्वीडन और फिनलैंड को भी सदस्य बनाने की योजना बना ली है। जबकि रूस का यूक्रेन पर हमला करने के एक यह भी मकसद था कि नाटो को बढ़ने से रोका जाए। अब

जबकि इस जंग को छह माह बीत चुके हैं, तो दोनों देशों और उनके हमदर्दों को इसे रोकने पर विचार करना होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध के छह महीने पूरे होने के बीच यूरोपीय देशों में रूस से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने से कई छोटी और मझोली कंपनियां बंदी की कगार पर पहुंच गई हैं। इस वजह से बड़ी संख्या में लोगों के बेरोजगार होने का खतरा भी पैदा हो गया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के छह महीने बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके विनाशकारी परिणाम नजर आने लगे हैं। तनावपूर्ण हालात में सुधार नहीं हुआ, तो आगे स्थिति और भी बिगड़ सकती है। इस युद्ध की वजह से न केवल प्राकृतिक गैस बहुत अधिक महंगी हो गई है, बल्कि इसकी उपलब्धता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अगर रूस पश्चिमी प्रतिबंधों का बदला लेने के लिए यूरोप को आपूर्ति पूरी तरह से बंद कर देता है, तो आने वाली सर्दियों में यूरोपीय देशों की परेशानी और भी बढ़ जाएगी। ऊंची खाद्य कीमतों से विकासशील दुनिया में व्यापक भूख और अशांति पैदा हो सकती है। रूस और यूक्रेन से उर्वरक और अनाज निर्यात बाधित होने से हालात खराब हो गए हैं। इस बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने एक साल से कम समय में चौथी बार वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अपने पूर्वानुमान को घटा दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस भारी नुकसान के बाद भी पुतिन की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। ज?यादातर रूसी जनता ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध का या तो समर्थन किया है या फिर पुतिन के इस अभि?यान को चुपचाप देखा है। यही नहीं पुतिन की रेटिंग पर भी यूक्रेन युद्ध का कोई असर नहीं पड़ा है। रूस की सरकारी और स्?वतंत्र दोनों ही एजेंसियों ने अपने सर्वेक्षण में पाया है कि 24 फरवरी से लेकर अब तक पुतिन की स्?वीकृति रेटिंग 80 फीसदी बनी हुई है। यही नहीं जून महीने में हुए सर्वेक्षण में 72 फीसदी रूसी जनता ने कहा था कि वे यूक्रेन में विशेष सैनिक अभियान का समर्थन करते हैं। पश्चिमी विश्लेषकों का कहना है कि रूसी नेता दुष्प्रचार के बल पर अपनी जनता को अपने पाले में किए हुए हैं। रूसी जनता को यह नहीं बताया जा रहा है कि यूक्रेन की मिसाइल ने रूस के युद्धपोत को डूबोया था। वे यह बता रहे हैं कि दुर्घटनावश रूसी हवाई ठिकाने पर विस्फोट हुआ था।

## बतंगड़ बेतुक

# लो भारत निकल लिया जुड़ने

विभांशु दिव्याल

झल्लन आया और खांटी ब्रज में बोला, 'का ददाजू, उतें भारत जुड़ रह्यो ए और आप इतें ठाले बैठे हौ, पतौ नाहिं तिहारौ दिमाग कितें उड़ रह्यो ए।' हमने कहा, 'हमारा दिमाग जहां उड़ रह्यो सो उड़ रह्यो है पर जे बता तोइ ब्रज का दौरा च्यों पड़ रह्यो ए?' वह बोला, 'सुनो ददाजू, कभी-कभार अपनी बोली-भाखा इतना जोर मार जाती है कि न चाहो तो भी जीभ पर उतर आती है।' हमने कहा, 'कभी-कभी सूर-घनानंद की याद हमें भी आती है और हमारे मन में भी अपनी मातृभाषा का प्यार उमड़ आता है पर अंग्रेजी के डर से भाषा प्रेम का पूरा बाग उजड़ जाता है। खैर, भाषा पुराण छोड़ ये बता कि तू भारत के जुड़ने की क्या बात कर रहा था और हमसे क्या शिकायत कर रहा था?' वह बोला, 'हमें मालूम है कि आप भारत जोड़ने के बड़े हामी रहे हो और अपनी हर चर्चा में भारत जोड़ने की बात कहते रहे हो। सो, हम सोचे थे कि आप भारत जोड़ने का यह मौका कभी नहीं गंवाएंगे और अपने राहुल बबुआ की सर्वसुविधासंपन्न यात्रा में भाग लेने अवय जाएंगे, पर आपको देखकर लग रहा है कि आप ऐसा कुछ नहीं करेंगे, उधर यात्रा चलती रहेगी और आप यहां हाथ पै हाथ धरे रहेंगे।'

हमने कहा, 'देख झल्लनग भारत जोड़ो की हमारी परिकल्पना राजनीतिक से कहीं ज्यादा सामाजिक-सांस्कृतिक परिकल्पना है कि लोग जाति, धर्म, क्षेत्र, गोत्र, स्वार्थ की कट्टरता से बाहर आयें, एक-दूसरे को इंसानियत के नजरिए से देखें, नफरत छोड़ दें ताकि उनके दिल मिल जायें। जब अलग-अलग परपंराओं-धार्मिकताओं वाले समूह एक-दूसरे के गले मिल जाते हैं, एक-दूसरे के साथ सहयोग का बीड़ा उठाते हैं, एक-दूसरे की गलतियों को नजरअंदाज करते हैं और एक-दूसरे की अच्छाइयों के सहारे रिश्तों को बनाते हैं,



देश की प्रगति में हाथ बंटाते हैं, भ्रष्टाचार जैसी बुराई को मिटाते हैं और सवापरि क्षुद्र, ओछी, टुच्ची, धोखाधड़ी की राजनीति को धता बताकर जनहित की सरोकारी राजनीति चलाते हैं तो वे खुद भी आपस में जुड़ जाते हैं और देश को भी जोडव जाते हैं।'

झल्लन बोला, 'हा हा हा ददाजू, आप हमें भरमा रहे हो या डरपा रहे हो। अगर भारत आपके इन खयालों की तर्ज पर जुड़ता है तब तो जुड़ लिया और हमने जुड़े हुए भारत का दीदार कर लिया', झल्लन ने हमारी आंखों में झांका और फिर बोला, 'ददाजू, यह लोकतांत्रिक भारत है जिसमें आपके जैसे विचारों का न कोई ठिकाना है, न इन्हें किसी ने अपनाना है, और अपना लिया तो हमारे महान लोकतंत्र को तो वैसे ही मर जाना है।' हमने कहा, 'तू कैसी बात कर रहा है झल्लन, अगर लोकतंत्र अच्छी बातों को अमल में लाएगा तो लोकतंत्र कैसे मर जाएगा? अच्छी बातों से तो लोकतंत्र मजबूत होता है और आम नागरिकों का भला होता है।' झल्लन बोला, 'पता नहीं ददाजू, आप कौन सी दुनिया में रहते हो और बैठे-बैठे सिर्फ यूटोपियाई बात करते हो। बताइए, अगर इंसान धर्म से ऊपर उठ जाएगा तो अपनी राजनीति कैसे चलाएगा, धर्म के बिना लोगों को किस बिना पर फुसलाएगा और किस बिना पर उनके बीच चुनाव जिताऊ कट्टरता फैलाएगा? जब तक देश में विभिन्न समूह एक-दूसरे को चुनौती न दें, एक-दूसरे के खिलाफ ताल न ठोकें, अपनी सारी ताकत मजहबी उन्माद में न झोंकें तो बताइए लोग कैसे पगलाएंगे और कैसे इस या उस पक्ष में आएंगे-जाएंगे? रही जाति की बात तो जब तक लोकतंत्र रहेगा तब तक जाति कहीं नहीं जाएगी, हर चुनाव में अपना रंग दिखाएगी, कभी कोई जाति इससे सधेगी तो कभी कोई जाति उससे सधेगी और जब तक जाति है तब तक जाति ही लोकतंत्र की बुनियाद रहेगी। रही आपसी प्रेम-सद्भाव की बात तो अगर प्रेम-सद्भाव ही लाना होता तो लोग घरों में रहे आते, काहे सड़कों पर आकर उपद्रव मचाते और काहे पदयात्रा जैसे नाटक रचाते। इसलिए हम आपसे कहते हैं कि अपने विचार अपने पास रखिए और समय रहते राहुल बाबा की यात्रा में निकल चलिए। हो सकता है हमारे देश की महान जनता का मन पलट जाये और अगले आम चुनाव में राहुल बाबा को ही जिता जाये। सो, दूरदृष्टि से काम कीजिए और राहुल बाबा की भारत जोडवे यात्रा का दामन थाम लीजिए।'

हमें उसकी बातों पर गुस्सा आ रहा था कि या तो इसे फटकारकर भगा दें या इसके गाल पर एक तमाचा लगा दें। हमने कहा, 'अगर यही सब होना है तो तेरे राहुल बाबा को अपनी सियासी यात्रा का नाम 'भारत जोड़ो यात्रा' नहीं 'वोट दो यात्रा' रखना चाहिए था। तब जिसे समर्थन देना होता वह जुड़ जाता और जिसे समर्थन नहीं देना होता चुपचाप परे हट जाता।' झल्लन बोला, 'ददाजू, आप अभी तक बिल्कुल रीते हो और अपने प्यारे लोकतंत्र से कुछ भी नहीं सीखे हो। यहां जब भी किसी अनुष्ठान के जरिए नफरत फैलानी होती है तो उसे प्यार का अनुष्ठान बताया जाता है और जिस कर्म के सहारे इधर-उधर तोड़-फोड़ मचानी होती है उसे जोड़ो कर्म बताया जाता है। इसलिए हम आपसे कह रहे हैं कि समय रहते फालतू विचारों से ऊपर उठ जाइए और जाकर राहुल भइया की प्यारी-न्यारी जोड़ो यात्रा से जुड़ जाइए।'

## हिन्दू युवा जनजाति संगठन के सज्जनगढ़ द्वारा राष्ट्रीय प्रमुख कमल डामोर का स्वागत किया गया



बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

हिन्दू युवा जनजाति संगठन के राष्टीय प्रमुख कमल जी डामोर का सज्जनगढ़ ब्लॉक के संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा मला पहनकर स्वागत किया गया। कमल डामोर ने स्वागत के दौरान संगठन के रीति नीति के बारे में चर्चा की व समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियों के बारे में भी बताया व समाज हित में चर्चा की गई, कमल डामोर व कमलेश ज मावी,कैलाश,सोहन,रमेश कटारा, दिलीप भूरिया प्रकाश खड़िया,रमेश मुनिया, मोहनलाल ,रामेश्वर,कमलेश डोडियार,प्रकाश डूंगरपुर,विनोद प्रतापगढ़ राजमल, चिमन, व अन्य सभी मौजूद रहे। ये जानकारी महेश सोनी ने दी।

## बानसूर में इंदिरा रसोई योजना का उद्घाटन हुआ




मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की द्वितीय वर्ष 2022- 23 की बजट घोषणा की पालना में नगरपालिका बानसूर के पंचायत भवन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने डिजिटल ( वीसी) के माध्यम से बानसूर में द्वितीय नवीन इंदिरा रसोई योजना का उद्धघाटन हुआ। बानसूर के पुराने पंचायत भवन में इंदिरा रसोई योजना का संचालन किया गया। जिसमें आमजन को 8 रूपये में शुद्ध ताजा और पौष्टिक भोजन मिलेगा। वहीं इंदिरा रसोई की प्रत्येक थाली में राज्य सरकार 17 रूपये का अनुदान देती है।

इस दौरान उद्धघाटन समारोह पर नगरपालिका चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा, वाइस चेयरमैन बनवारी लाल सैनी, ईओ सुमेरसिंह मीणा , पंचायत समिति प्रधान सुभाष सुमन यादव, पार्षद प्रकाश सैनी, भावना सोनी सहित सभी पार्षद गण और ग्रामीण मौजूद रहें।

## बानसूर में हनीट्रैप मामले में दो गिरफ्तार

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर पुलिस ने हनीट्रैप के मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है । वहीं एक महिला फरार है। लोगों की हनीट्रैप में फसाकर रुपयों की वसूली करते थे। पुलिस ने महिला के दो साथियों को गिरफ्तार किया है। बानसूर डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि बानसूर के एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसको एक महिला और और दो युवक परेशान कर रहे हैं। और हनी ट्रैप के जाल में फंसा लिया है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर मामले की जांच की तो चौंकाने वाला मामला सामने आया। जिसमें एक महिला और बानसूर के ही रहने वाले पेशे से वकील जितेंद्र रावत और उसके साथी विकास यादव पुत्र प्रभु दयाल यादव ने युवक को हनीट्रैप के जाल में फंसा कर ब्लैकमेल किया और 70000 रूपये ऐठ लिए। पुलिस ने कल वकील जितेंद्र रावत और उसके साथी विकास यादव को 5000 रूपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही आरोपी बानसूर के रहने वाले हैं। वहीं पुलिस ने बताया कि महिला बाहर की रहने वाली है। और अभी फरार है। महिला की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम का गठन किया गया है। जल्द ही आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया जाएगा । तथा पेशे से वकील जितेंद्र रावत और विकास यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## गिरधारी दास गौशाला में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर के गिरधारी दास गौ शाला कल्याण सागर में आज से 25 सितंबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। कथावाचक आचार्य हेमन्त कृष्ण बरसाना वाले रहेंगे ।



भागवत कथा के आयोजन पर आज दयालावाली मंदिर से गौशाला प्रांगण तक विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ कस्बे के मुख्य बाजारों से होते हुए गिरधारी दास गौशाला प्रांगण में पहुंची। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का कस्बे में जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

### कथा सोपान

18 सितंबर प्रथम दिवस - श्रीमद् भागवत महात्म्य।
19 सितंबर द्वितीय दिवस - मंगलाचरण,श्री सूत - सोनक संवाद, चौबीस अवतार कथा, राजा परीक्षित श्राप ।
20 सितंबर तृतीय दिवस - श्री सुखदेव आगमन, सृष्टि क्रम वर्णन, वराह अवतार, कपिल देवहूती संवाद, मनु वंश वर्णन।
21सितंबर चतुर्थ दिवस - ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, श्री राम जन्म ,श्री कृष्ण जन्म महोत्सव।
22 सितंबर पंचम दिवस - नंदोत्सव ,पूतना उद्धार, श्री कृष्ण बाल लीला, श्री गोवर्धन पूजा।
23 सितंबर षष्टम दिवस- महाराज वर्णन ,रुक्मणी विवाह उत्सव।
24 सितंबर सप्तम दिवस - श्री कृष्ण के अन्य विवाहों का वर्णन ,श्री कृष्ण रुक्मणी संवाद, सुदामा चरित्र, चौबीस गुरुओं का वर्णन, श्री सुखदेव पूजन। 25 सितंबर को समापन किया जायेगा।

# तिजारा गौशाला में बनाए जाएंगे गोबर के दीपक

मरुधर विशेष राकेश सैनी



तिजारा मोनी बाबा गौशाला में गोबर से दीपक बनाने के प्रशिक्षण के साथ ही दीपक बने हुए प्रारंभ दीपावली से पूर्व एक लाख दीपक बनाये जायेंगे श्री मोनी बाबा गौशाला तिजारा में गाय बनाए करोड़पति मशीन से दीपक बनाने का प्रशिक्षण आजीविका मिशन की महिलाओं ने एवं गो भक्तों ने प्राप्त किया जिसके उपरांत दीपक निर्माण प्रारंभ किया गया। यह जानकारी देते हुए गोभक्त एवं पंचायत समिति तिजारा के प्रधान जयप्रकाश यादव ने बताया कि प्रशिक्षण पंडित विष्णु दत्त शर्मा सचिव सचिव उपज मंडी समिति नोहर द्वारा दिया गया जिनके द्वारा बताया गया कि गाय की गोबर में काली मिट्टी और कली अर्थात चूना पत्थर मिला कर पलक झपकते ही सुंदर गोबर के दीपक तैयार हो जाते हैं तथा 2 मिनट में मशीन द्वारा सोलह दीपक तैयार हो जाते हैं जिससे मात्र दो तीन महिलाएं मिलकर एक दिन में पांच हजार से अधिक कुछ गुणवत्ता के दीपक बना सकती है। इस अवसर पर प्रधान पंचायत समिति तिजारा ने कहा कि गोशाला के गो भक्तों द्वारा राजीविका की महिलाओं को उद्योग चलाने एवं विपणन में भरपूर सहयोग दिया जायेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री ज्योति स्वरूप शर्मा सहायक वाणिज्य कर अधिकारी रहे जिन्होंने बताया कि गोबर केवल देशी गोवंश का ही इस कार्य के लिए उपयोगी है,हालस्टीन के मल से दीपक नहीं बन सकते है। राजीविका, अलवर से श्री प्रशांत कुमार डिस्ट्रिक्ट मेनेजर के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं श्रीमति लक्ष्मी, सुनीता,राधा, पूजा आदि पन्द्रह महिलाओं एवं अनेक गोभक्तों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में श्री सीमेंट, भिवाड़ी से मेनेजर श्री बनवारी शर्मा ने प्रायोगिक रूप से दीपक बनाकर बताए। इस अवसर पर गोभक्त आशीष वकील, विरेन्द्र सेनी, तेजपाल नागर,बन्ने सिंह गुर्जर,कमल, रामनिवास, तरुण जैन आदि उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार की योजनाएं नहीं होती तो प्रदेश सरकार मंजीरे बजा रही होती- सांसद सीपी जोशी

## सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

मरूधर विशेष/चेतन व्यास



भिंडर। वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के भिंडर ग्रामीण मंडल के हिंता गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाड़े के तहत विधानसभा क्षेत्र के 15 दिव्यांगों को ट्राई साइकिलें व एक दिव्यांग बहन को एसआरएम ग्रुप के तत्वाधान में इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल प्रदान की गई। चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के कई कांग्रेस व अन्य पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी विचारधारा की पार्टी है और आज राष्ट से प्रेम करने वाला हर व्यक्ति भाजपा का समर्थन कर रहा है, सांसद जोशी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि यदि कोरोना व आज तक की परिस्थिति में प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाएं संचालित नहीं होती तो कांग्रेस की सरकार सिर्फ मंजीरे बजाने का काम कर रही होती। आज आमजन को फायदा पहुंचाने वाली हर योजना केंद्र सरकार की योजना है, सांसद जोशी ने कहीं मुख्य योजनाओं के नाम गिनाते हुए कांग्रेस सरकार पर प्रहार किया एवं गौमाता में फैले लंपी रोग से बचाव को लेकर क्षेत्र में दवाइयों के निशुल्क वितरण के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि वल्लभनगर में पुनः भाजपा सशक्त रूप में उभरेगी और इस कार्यक्रम से ऐसा एहसास हुआ है कि विधानसभा से कमल का फूल खिलकर पार्टी का परचम लहराएगा?। आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वल्लभनगर प्रधान देवीलाल नंगारसी, कुराबड प्रधान कृष्णा मीणा, उप प्रधान रोशन लाल मेहता, भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री बसंती मीणा, कानोड़ मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीमाली, केरेश्वर मंडल अध्यक्ष शंकर लाल जाट, भिंडर नगर मंडल अध्यक्ष मुरली तिवारी, भिंडर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पुष्कर जोशी, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी धनराज अहिर, पुरुषोत्तम शर्मा, उंकार वालिया, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष भगवती लाल मेनारिया, पंचायत समिति सदस्य भरत मेनारिया, भंवर सिंह, रतन सिंह राठौड़, लक्ष्मी लाल डांगी, कालू लाल मीणा, गोविंद सरगरा, बाबूलाल डांगी, ममता चौबीसा सहित वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन का समीक्षा बैंठक आशीष कुमार अग्रहरी ने किया

**कैम्पियरगंज (चंद्र प्रकाश अग्रहरि संवाददाता स्वतन्त्र जनमित्र पूर्वांचल प्रभारी)** जिला गोरखपुर तहसील कैम्पियरगंज में 18सितम्बर रविवार के दिन भारतीय किसान यूनियन का आयोजित समीक्षा बैंठक संपन्न हुआ भारतीय किसान यूनियन मंडल महासचिव सचिव गोरखपुर आशीष कुमार अग्रहरी के नेतृत्व में तहसील अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष कैम्पियरगंज व भरोहिया ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम सहानी एव ब्लॉक अध्यक्ष कौडिया परमेश्वर मदेशिया व मिश्री लाल राजभर,सेनजीत सिंह,विरेन्द्र सहानी,सोलहू भारतीय,चन्दिका मौर्य, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, इसरावती देवी,मुनि देवी, जोनही देवी,ललीता, इनदावती,प्रेमा,शुभावती,शयामसुनदर,संतोषी निषाद,सुरेन्द्र प्रजापति,राम केवल सहानी,बेचू लाल मौर्य, सुरेन्द्र कुमार राजभर व प्रदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण भारी सख्या में मौजूद रहे



## पिकनिक मनाने गए यूवक की डूबने से मौत

मरुधर हिन्द उदयपुर

कोटड़ा रविवार को खाचन मे पिकनिक मनाने गए युवक की मरने से मौत हो गई सूचना सूचना मिलने पर पानरवा थाना पुलिस व एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू कर शव को निकाला गया शव की पहचान अब्दुल साहिल पुत्र रज्जाक राजू उम्र 22 वर्ष निवासी कोटडा हाल आबूरोड जो अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने के लिए आया था। जिसकी पानरवा खाचन नदी में नहाते समय पानी में डूबने से मृत्यु हो गई मृतक के शव को एसडीआरएफ टीम की मदद से बाहर निकाली जाकर सीएससी कोटडा पहुंचा गया। शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया।



## गोवंश को लंपी से बचाने के लिए आयुर्वेदिक औषधि व पैरासिटामोल टेबलेट्स का वितरण

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** कस्बे के पताशा मार्केट स्थित शहीद पार्क के पास लायंस व लियो क्लब बहरोड ने लंपी से गोवंश को बचाने के लिए आयुर्वेदिक लड्डू बनाने के लिए शुभेच्छा फाउंडेशन एवं डब्ल्यू.आर.आर.सी. को आयुर्वेदिक औषधि प्रदान की । इस दौरान लॉयन्स क्लब ने पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉ. अजीत सिंह को अस्पताल के लिए 1000 पैरासिटामोल टैबलेट्स भी सौंपी । लॉयन्स व लियो क्लब के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि गऊ माता का हमारे हिन्दू समाज में बहुत महत्व है । लंपी जैसे संकट से हमारे गोवंश को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा ,साथ ही कहा कस्बे में एक स्थान निर्धारित किया जाएगा ताकि कोई भी आमजन अपने पीड़ित गोवंश के लिए यह आयुर्वेदिक लड्डू ले जा सके । शुभेच्छा फाउंडेशन से अध्यक्ष डॉ. विजय मंडोवरा, संयुक्त सचिव डॉ. अर्चना श्रृंगी व सचिव अनुपमा शर्मा ने बताया कि हमारा संघठन डब्ल्यूआरआरसी,अलवर के सहयोग से लड्डू बनाने व वितरण का कार्य कर रहा है और इसके लिए हमें कच्ची खाद्य सामग्री की आवश्यकता होती है,भामाशाहों के सहयोग से इन लड्डुओं की पूर्ति करवाने के प्रयास कर रहे हैं । कार्यक्रम के संयोजक महेश जैन एवं प्रमिला जैन रहे । इस अवसर पर कमल शर्मा,डॉ. जे.आर. राव,दीवान सिंह,राजकुमार जिंदल,मनोज शर्मा,हंसराज यादव,अशोक खंडेलवाल,महेश पारीक,जसराम शर्मा, डॉ राव साहब, बृजराज चौहान,मुकेश मोदी,के.पी. यादव,डॉ. रतन यादव,अनिल जांगिड़,डॉ.अनिल अग्रवाल सहित शुभेच्छा फाउंडेशन से राकेश सैनी, नितिन यादव लायंस व लियो क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे ।



## सामाजिक कुरीतियों को त्याग कर शिक्षा के क्षेत्र में जोर देने की अपील

**मरुधर हिन्द/भादसोड़ा** में रविवार को अनुसूचित जाति जनजाति युवाओं का कार्यकर्ता सम्मेलन जीवानी मां निजी होटल पर आयोजित हुई बहुजन समाज कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि मदन ओजस्वी स्वतंत्र लेखक, विशिष्ट अतिथि भीम सेना जिला प्रभारी शंकरलाल मेघवाल बिलड़ी, भीम सेना जिलाध्यक्ष प्रकाश चंद्र, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय लोट, समता संगठन के जवाहर लाल मेघवाल, महिला शक्ति पूजा नायक, मांगीलाल मेघवाल, पृथ्वीराज , संतोष मेघवाल, गंगा देवी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश चंद्र खोईवाल जिला अध्यक्ष आजाक द्वारा की गई उपस्थित अतिथियों का अंबेडकर विचार मंच भादसोड़ा के युवा साथी बालू नायक, पिरु खटीक, भेरूलाल गुडा, गोपाल लाल जटिया, मदन खटीक, किशनलाल लेसवा, मुकेश बेरवा के नेतृत्व में फूल माला एवं बाबा साहब के ऊपर्णा पहना कर स्वागत किया गया । उपस्थित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि मदन ओजस्वी ने बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो की अवधारणा को पर प्रकाश डालते हुए युवाओं में जोश भरा। भीम सेना जिला प्रभारी शंकरलाल मेघवाल बिलड़ी ने सामाजिक कुरीतियां समाज को दीमक की तरह खा रही हैं इन बुराइयों को जड़ से समाप्त करने के लिए युवाओं को संगठित होकर इन प्रथाओं की अंतिम बंदे तक जागरूकता फैलाने का आवाहन किया । जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र खोईवाल ने उपस्थित समूह का आभार व्यक्त किया बहुजन समाज कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन अध्यापक मोहनलाल मेघवाल बिलोदा द्वारा किया गया और आभार व्यक्त बालू नायक ने किया कहां हमेशा बहुजन मोमेंट दिन रात काम करते रहना चाहिए जिसमें मुकेश लेसवा ,किशन लेसवा,नरेश खटीक आसावरा दिनेश खटीक भादसोड़ा यशवंत खटीक भादसोड़ा ,लीला जटिया गुड्डा, प्रेम मेघवाल, सोहन मेघवाल लोकेश मेघवाल शंभूलाल जयपुरा किशन जयपुरा मदन बेरवा गोराखेरा हेमराज गोराखेरा,सोहन बेरवा पारलिया जमुना लाल बेरवा सुरपुर विष्णु बेरवा बानसेन मुकेश बेरवा बांनसेन कैलाश देवा खेड़ा श्याम लाल बेरवा लेसवा प्रकाश बेरवा घोड़ाखेड़ा नकतरभादसोड़ा मुकेश रामथली शांतिलाल भीमखंड माधुलाल केसर खेड़ी होटल मालिक बेणीराम जटिया आदि मौजूद थे।



## गौ माता को बचाने में भामाशाह दे रहे है सहयोग




मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - देश में लगातार बढ़ रहे लंपी स्कीन डिजीज के मामलों को मद्देनजर रखते हुए भामाशाह व समाज सेवक लगातार बेजुबान गौ माताओं को बचाने लिए सामने आ रहे है और लगातार चिकित्सकों को लंपी की रोकथाम हेतु दवाइयां व किट मुहैया करवा रहे हैं।इसी कड़ी में कस्बे की मत्स्य पीजी कॉलेज के डायरेक्टर इंजीनियर जयसिंह मीणा ने पशु चिकित्सालय में लंपी स्कीन डिजीज (स्स्ठ) की रोकथाम हेतु 11000 रुपये की दवाई किट भेंट की। इंजीनियर जय सिंह मीणा ने बताया कि आज गौ माताओं के ऊपर यह विपदा आन पड़ी है इसलिए हम सभी को मिलकर इस विपदा से गौ माताओ को बचाना है। इस दौरान पशु चिकित्सालय में कार्यरत डॉ. प्रवीण कुमार नारनौलिया ने दवाई किट भेटकर्ता इंजी.जयसिंह मीणा का आभार व्यक्त करते हुए लंपी स्किन रोग के लक्षणों तथा बचाव के उपायों के बारे बताया व लोगों से अपील करते हुए कहा कि आवारा,घरेलू या किसी भी जानवर में लंपी वायरस के लक्षण दिखे तो तुरंत उस क्षेत्र के पशु चिकित्सालय में सूचित करें ताकि पीड़ित जानवर को उपचार मिल सके। इस दौरान अतिरिक्त खंड शिक्षा अधिकारी प्रथम राजेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि आज लगातार देश में लंपी के मामले बढ़ रहे हैं व गौ माताएं इसकी चपेट में आने से तड़प रही है

अतः अन्य लोगों को इस प्रकोप से गौ माताओं को बचाने के लिए सामने आना चाहिए। इस दौरान मीणा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान प्रसाद मीणा, उपाध्यक्ष रामावतार मीणा, अतिरिक्त खंड शिक्षा अधिकारी प्रथम राजेंद्र कुमार मीणा, इंजीनियर जयसिंह मीणा, हीरालाल मीणा, लालाराम मीणा, सुभाषचंद्र मीणा, गिरधारीलाल मीणा व लक्ष्मण मीणा मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन का समीक्षा बैंठक आशीष कुमार अग्रहरी ने किया

कैम्पियरगंज (चंद्र प्रकाश अग्रहरि संवाददाता स्वतन्त्र जनमित्र पूर्वांचल प्रभारी) जिला गोरखपुर तहसील कैम्पियरगंज में 18सितम्बर रविवार के दिन भारतीय किसान यूनियन का आयोजित समीक्षा बैंठक संपन्न हुआ भारतीय किसान यूनियन मंडल महासचिव सचिव गोरखपुर आशीष कुमार अग्रहरी के नेतृत्व में तहसील अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष कैम्पियरगंज व भरोहिया ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम सहानी एव ब्लॉक अध्यक्ष कौडिया परमेश्वर मदेशिया व मिश्री लाल राजभर,सेनजीत सिंह,विरेन्द्र सहानी,सोलहू भारतीय,चन्दिका मौर्य, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, इसरावती देवी,मुनि देवी, जोनही देवी,ललीता, इनदावती,प्रेमा,शुभावती,शयामसुनदर,संतोषी निषाद,सुरेन्द्र प्रजापति,राम केवल सहानी,बेचू लाल मौर्य, सुरेन्द्र कुमार राजभर व प्रदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण भारी सख्या में मौजूद रहे।

## पल्स पोलियो की खुराक पिलाई

सवांददाता प्रकाश भागनानी/अराई

अराई कस्बे सहित ब्लॉक में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई । इससे पूर्व शनिवार को स्कूली बच्चों ने पल्स पोलियो अभियान को लेकर रैली निकाली थी। डिप्टी सी एम एच ओ डा रामस्वरूप किराडिया ने अराई स्थित पोलियो बूथों का निरीक्षण किया व ब्लॉक सी एम एच ओ डा विनोद सैनी ने क्षेत्र में पोलियो बूथों का निरीक्षण किया और अधिक से अधिक बच्चों को दवा पिलाने को कहा। डॉ सैनी ने कहा कि लक्ष्य पूरा करने व एक भी बच्चा पोलियो खुराक से नहीं छूटे इसके लिए सोमवार को भी घर घर जाकर दवा पिलाई जायेगी। अराई सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अजय सामरिया ने बताया कि इस अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनी तथा नर्सिंग स्टाफ का अच्छा सहयोग रहा। वही भामोलाव चिकित्सा प्रभारी डॉ.मुकेश शर्मा ने अपने क्षेत्र के पल्स पोलियो बूथ सिरोंज का निरीक्षण किया। इस दौरान साथ मे उपस्वास्थ्य केंद्र स्टाफ प्रीति शर्मा,कृष्णा साहू व आशा सहयोगिनी उपस्थित रही



## रुण्डेड़ा में किसान संगोष्ठी का आयोजन



मरूधर विशेष/ चेतन व्यास

**रुण्डेड़ा।** गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड कंपनी की ओर से रुण्डेड़ा लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में किसान संघोष्टि रखी गई जिसमें सरदार खाद के उत्पादक डीएपी एपीएस वं एएस एवं अन्य उत्पादकों की जानकारी कंपनी के एरिया मैनेजर सुभाष भाई बावरिया व एरिया ऑफिस पार्थ ठोलिया,वेयर हाउस इंचार्ज चंदेरिया प्रिंस जीवानी कंपनी के प्रतिनिधि भगवत सिंह शक्तावत द्वारा किसानों को अमोनिया सल्फेट एवं सरदार अमोनियम फास्फेट सल्फेट ट्रिपल पावर खाद के तीन गुनी शक्ति देने वाले संतुलित आदर्श खाद की जानकारी दी व किसानों को उन्नत बीज, खाद,एवम किसानी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच साहब बद्रीलाल मेघावत,विशिष्ट अतिथि सोहनलाल मेनारिया एवं सीआर प्रतिनिधि मांगीलाल हिमावत,चारभुजा कृषि केंद्र के रामलाल मेनारिया,रामेश्वरलाल मेनारिया,देवीलाल हरजोत,कालूलाल अकावत,भेरूलाल छपन्या,पप्पू भट्ट,मोहनलाल भट्ट उदयलाल जाट गोपीलाल जणवा,हिमत भट्ट,भगवती लाल,दुर्गाशंकर मेनारिया,भंवरलाल, एवं गांव के किसान उपस्थित थे।

## महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र ने समाज सेविका ममता शर्मा को किया सम्मानित

**मरूधर विशेष/विक्रम सिंह पालावत**

जयपुर में शनिवार को होटल रमाडा में मन की उड़ान संस्था द्वारा आयोजित फ्यूचरस्टिक इंडिया सम्मिट 2022 में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र मुख्य अतिथि रहे । महामहिम राज्यपाल ने संबोधित करते हुए कहा की संविधान की संस्कृति के प्रसार के लिए सभी मिलकर कार्य करना है। उसके बाद मन की उड़ान संस्थान के द्वारा देश-विदेशों में समाज सेवा में अग्रणी रहे लोगों में



31 लोगों को सम्मानित किया गया । जिसमें जयपुर के भी दो लोग थे । जिसमे समाज सेविका ममता शर्मा को महामहिम कलराज मिश्र ने सम्मान समारोह में गोल्डन अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया । इनको अभी तक कई सामाजिक व राजनीतिक संस्थानों के साथ-साथ व्यापारी संगठनों ने इनके कार्यों को देख कर सौ से अधिक बार सम्मानित किया है , साथ ही यह कई इंटरनेशनल हॉस्पिटलस और संस्थाओं में ब्रांड एंबेसडर भी रही है।

## बिश्नावाला व्यापार मंडल सिरसी रोड तक पहुचा 'नो चाइना नो ऑनलाइन' का महा अभियान




**मरूधर विशेष/महावीर सिंह**

नो चाइना नो ऑनलाइन का महा अभियान बिश्नावाला व्यापार मंडल सिरसी रोड तक पहुचा । जयपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित सिंह सांचौरा ने बताया की नो चाइना नो ऑनलाइन की मुहिम जयपुर के समस्त व्यापार मंडलों में बड़े ही जोर शोर से मनाई जा रही है। हजारों की तादाद में आम निवासियों ने, व्यापारियों ने हस्ताक्षर कर इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। जयपुर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष भंवर सिंह शेखावत, विशना वाला व्यापार मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष विनोद मेहला, गजेंद्र सिंह पचलंगी व सभी कार्यकारिणी सदस्य इस हस्ताक्षर अभियान में मौजूद रहे।

## टीम 9 ने मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिन 72 वें जन्मदिन पर लगाये 772 पौधे लगातार 4 घण्टे किया श्रमदान




**मरूधर विशेष/विनोद शर्मा**

स्वच्छता अभियान से जुड़ी टीम 9 ने आज मोदी जी के जन्मदिन पर आज 772 पौधे लगाकर जन्मदिन मनाया व केक काटा।। वार्ड 26 के पार्षद दिनेश कांवट।ने बताया कि टीम 9 पिछले 2929दिन से प्रतिदिन 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता अभियान चलाती हैजिसके अंतर्गत अब तक लाखो की संख्या में पौधे भी लगाए। आज भी टीम ने नीम ,शीशम,पीपल, कचनार,गुलमोहर,अर्जुन,जामुन आदि के पौधे लगाए ।पार्षद दिनेश कांवट ने बताया कि श्याम शर्मा, सुनील शर्मा, शशि साबू,स्नेहलता साबू,विनोद शर्मा,सुशील मंगल, बबिता मंगल, सुरेंद्र सैन, लक्की सिंह,रोहन गुप्ता, हर्ष,लालू सिंह, मोहित,दीपक वर्मा,कमल, मनोज सिंह,काशीनाथ,शिवराज सिंह,नितेश मिश्र,दिनेश विजय,भूपेन्द्र सिंह,संदीप सोलंकी,कैलाश मीना जी,रमेश गोयल,किशन अग्रवाल,नरेंद्र रावत, बजरंग शर्मा,रमाकान्त शर्मा,संजय जोशी, ब्रजेश गुप्ता,प्रमोद शर्मा,शिखर शर्मा,दीपा शर्मा,पायल मोदी आदि मौजूद रहे।

## युवक ने फतेहसागर झील में लगाई छलांगः 4 घंटे रेस्क्यू के बाद मिला शव, पारिवारिक तनाव में चल रहा था

**मरूधर विशेष/गजेंद्र लोहार**

**उदयपुर** शहर के फतेहसागर में शनिवार को एक युवक ने कपड़े उतारकर झील में छलांग लगा दी। किनारे पर मौजूद कुछ समझ पाते, उससे पहले ही युवक पानी में डूब गया। लोगों ने बचाने की कोशिश भी की, लेकिन उसको बचाया नहीं जा सका। नागरिक सुरक्षा विभाग उदयपुर और एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी। दोनों की टीम ने नाव की सहायता से मशक्कत के बाद शव को बाहर



निकाला। इधर, सूचना के बाद अंबामाता थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि युवक के कपड़े से मिले सुसाइड नोट के आधार पर उसकी पहचान अलवर निवासी गजेंद्र सिंह पुत्र रामस्वरूप के रूप में हुई। गजेंद्र नाम का ये युवक शनिवार सुबह 8 बजे एक युवक कपड़े उतारकर फतेहसागर झील में कूद गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसको बचाने की कोशिश की लेकिन उसको बचाया नहीं जा सका। बाद में नागरिक सुरक्षा विभाग और एसडीआरएफ की टीम ने 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। युवक परिवारिक मामलों को लेकर तनाव में चल रहा था। इसी कारण उसने आत्महत्या कर दी। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल पाएगा।

# हर घर रक्तवीर अभियान से जुड़ते नवयुवक मंडल

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**




**बांसवाड़ा।** नवयुवक मंडल टामटिया, तेरापंथ युवक परिषद व सपना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टामटिया में आयोजित रक्तदान शिविर में तैतीस रक्तवीरो द्वारा रक्तदान किया गया। तेरापंथ समाज द्वारा विश्व भर में अलग अलग देशों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया हैं। इस कड़ी में गाँव टामटिया अहाड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

पहली बार डोनेट कर रहे डोनर्स की संख्या रही अधिक

शिविर का असल उद्देश्य होटे है जनजागृति लाना ऐसे में इस शिविर में ज्यादातर डोनेट करने वाले रक्तवीर ऐसे थे जो जीवनकाल में पहली बार डोनेट कर रहे थे रक्तदान करने वाले रक्तवीरो में संदीप भोई, जगमाल सिंह, चिराग सिंह, यशवंत सिंह,हेमन्त कुमार पानेरी, भरत भोई, नरेश इत्यादि रक्तवीरो द्वारा रक्तदान किया गया साथ ही नरेश पटेल इटावा का सहयोग रहा।

शहर के गणमान्य हस्तियों ने की ग्रामीण शिविर में शिरकत

तेरापंथ समाज द्वारा विश्वभर में शिविर आयोजित किये गए थे ऐसे में टामटिया गाँव के शिविर में शहर की कई हस्तियों ने आकर शिरकत की। शिविर में बतौर मेहमान चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष शम्भू हिरण, रौटरी क्लब अध्यक्ष राहुल सर्राफ़, नीलेश सेठ, वीरेंद्र भट्ट नरपत जैन तलवाड़ा, डॉ नरेंद्र मईड़ा, अंकुर शिक्षण संस्थान से शैलेन्द्र सर्राफ़, जिम्मी सर्राफ़, रूधिर से रोहित जी रख, दीपेश पंचाल, फातिमा बी उपस्थित रहे तथा सपना फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। रक्त संग्रहण का कार्य भारतीय ब्लड़ बैंक द्वारा किया गया।

हर घर रक्तवीर अभियान के गाँवो से मिलते समर्थन से उत्साह में दिखे कार्यकर्ता

हर घर रक्तवीर महाभियान जिसे मानवता का महाअभियान कहा जा सकता है उसी कड़ी में सपना फाउंडेशन के प्रयासों से आज गांव गांव इस अभियान जुड़ रहे है। ऐसे में सपना फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा व साथ ही वागड के ग्रामीण नवयुवक मंडलों से ऐसे शिविर आयोजित करने का आग्रह किया गया।

# बालक ,बालिकाओं के ड्रेस की व्यवस्था नहीं होने से शिक्षकों में रोष

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**



**कुशलगढ़।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कुशलगढ़ की बैठक स्काउट भवन इंदिरा कॉलोनी कुशलगढ़ में जिला उपसभाध्यक्ष वरसिह मुनिया एवं पूर्व जिला संगठन मंत्री एवं जिला संयोजक दिग्पाल सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। उपशाखा अध्यक्ष पृथ्वीसिंह पड़वाल एवं मंत्री कन्हैयालाल निनामा ने बताया कि 23 एवं 24 सितंबर 2022 को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला शैक्षिक सम्मेलन जो की बांसवाड़ा जिले के अर्थूना उपशाखा के संयोजन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आंजना में संपन्न होने वाला है जिसमें कुशलगढ़ उपशाखा से 100 से अधिक शिक्षकों के भाग लेने की कार्य योजना बनाई गई । जिसमें कुशलगढ़ उपशाखा को चार भागों में विभक्त कर उसके प्रभारी तय किए गए । जिसमें वरसिह मुनिया एवं पृथ्वी सिंह पडवाल बडवास,टिमेडा,सारण,सब्बलपुरासंजय जोशी, सुभाष चन्द्र नाहटा,अमित कुमार चौहान , जसवंत भरपोडा भगतपुरा,छोटी सरवा,पाटन,खजुरा , कोटड़ा, मोहकमपुरा, गोपालपुरा सातलिया, कन्हैयालाल निनामा,तोलचन्द वसुनिया, समीक्षा जैन हमेन्द्र गायरी प्रेमसिंह गणावा, मानसिंह डामोर रामगढ़, काकनवानी,अखेपुर, बगायचा,हात्यादिल्ली ,खेडपुर,कलिजरा, माधवलाल कटारा, दिग्पाल सिंह राठौड़ दोलसिह डामोर दिव्या पंड्या चुडादा ,लोहारिया बड़ा,ऊकाला, बिलिपाडा डूगरीपाडा का शिक्षक सम्पर्क प्रभारी बनाया गया जो शिक्षकों को जिला शैक्षिक सम्मेलन का निमंत्रण देंगे । शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कुशलगढ़ के शिक्षक 23 सितंबर को नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर पर प्रातः 9:00 बजे एकत्र होकर जिला शैक्षिक सम्मेलन में भाग लेने हेतु प्रस्थान करेंगे बैठक में कुक कम हेल्पर के अल्प मानदेय को बढ़ाने, नियमित भुगतान करने, राज्य सरकार द्वारा विद्यासंबल योजना की घोषणा की गई किंतु आज तक खासकर उच्च माध्यमिक विद्यालयों के रिक्त पद विद्यालय प्रारंभ होने के लगभग 3 माह पूरे होने की स्थिति में भी लागू नहीं की गई है जिससे विद्यालयों में नाम मात्र का पाठ्यक्रम पूरा हो पाया है। विषयाध्यापकों का नितांत अभाव है,जिससे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कुशलगढ़ क्षेत्र के विद्यालयों का परीक्षा परिणाम प्रभावित होने की आशंका है , कुशलगढ़ नगर क्षेत्र की हालत तो ओर भी दयनीय है नगर के प्रमुख राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ना तो नए अध्यापक नियुक्त किए जा रहे हैं और ना ही स्थानांतरण के द्वारा पद भरे जा रहे हैं ,राज्य सरकार द्वारा बजट सत्र के दौरान कक्षा 1 से 8 तक के छात्र छात्राओं को निशुल्क विद्यालय गणवेश उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई थी किंतु आज तक इस योजना को अमल में नहीं लाया गया है ना तो विद्यालयों को ड्रेस उपलब्ध कराए गए नहीं कपड़ा दिया गया है जिससे अभिभावकों एवं शिक्षकों दोनों में ही राज्य सरकार की ढुलमुल ड्रेस वितरण की व्यवस्था के प्रति जबरदस्त रोष व्याप्त है । बैठक में उरमल डिंडोर, उपशाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष माधव लाल कटारा, प्रदेशमहा समिति सदस्य राजकुमार सिय्याण, दिग्पाल सिंह राठौड़ ,कन्हैयालाल निनामा,वरसिह मुनिया, आदि उपस्थित थे। ये जानकारी दिगपाल सिंह राठौड़ ने दी।

## सर्व सनातन समाज हेतु सर्व पितृ अमावस्या पर विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा करेगा तर्पण

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बांसवाड़ा।** पितृ पक्ष में सर्व पितृ अमावस्या के अवसर पर आगामी 25 सितंबर रविवार को सवेरे 9 बजे मंदारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सामूहिक शिव पूजा,अभिषेक, तर्पण और ब्रह्मभोज श्राद्ध सर्व सनातन समाज के लिए आयोजित होगा । जिसमे सर्व समाज के परिजन जो किसी भी कारणवश तर्पण और श्राद्ध नही कर पाए है वे सभी यहां स्वैच्छिक सहयोग राशि के साथ अपने परिजनों का श्राद्ध विधि विधान से करवा सकते है। उक्त कार्यक्रम सर्व मान्य वरिष्ठ आचार्य पंडित हर्षवर्धन जी पंड्या के आचार्यत्व में 25 विद्वान पंडितो द्वारा किया जावेगा। उक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा के जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला ने बताया की सनातन समाज बंधु अपना नाम और जिसका तर्पण और श्राद्ध करना है उनका नाम निम्न में से किसी भी 1 नंबर पर व्हाट्सएप द्वारा भेज सकते है ।
(1)ईश्वरदास वैष्णव 9460968968 (2)प्रदीप शर्मा 9414497217 ये जानकारी योगेश जोशी ने दी।

## विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ बांसवाड़ा द्वारा आयोजित ऑनलाइन गणेश वंदना/भजन प्रतियोगिता का परिणाम आज जारी कर दिया गया

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बांसवाड़ा** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ बांसवाड़ा द्वारा आयोजित ऑनलाइन गणेश वंदना/भजन प्रतियोगिता का परिणाम आज जारी कर दिया गया। उक्त जानकारी महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डा0कीर्ति आचार्य ने बताया की गणोशोत्सव के समय ऑनलाइन आयोजित प्रतियोगिता में पूरे जिला से 46प्रतियोगी महिलाओं ने अपनी प्रस्तुति दी थी। जिसमे प्रथम 5श्रेष्ठ का चयन करना था जिसके लिए विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने डा0कामिनी व्यास रावल,पार्षद सोनिया वैष्णव,पूर्व पार्षद रंजना पुरोहित को निर्णायक नियुक्त किया गया था। महिला जिला अध्यक्ष डा0आचार्य ने बताया की निर्णायक मंडल ने सभी प्रतियोगियों के भजन ,वंदना सुन कर प्रथम पांच की घोषणा निम्नानुसार की+-
(1)बरखा संजय आमेटा
(2)कामिनी नागर
(3 )रीना मेहता
(4 )रश्मी जोशी
(5) पर चयन सयुक्त रूप से निम्नानुसार किया गया है ।
सर्व श्रीमती ममता जोशी कुशलगढ़,हेमलता जी पंड्या कुशलगढ़,सुरभि शर्मा भुवासा,आभा पाठक सरेड़ी,चंद्रप्रभा पंड्या।
सभी की प्रस्तुति बहुत अच्छी रही । लेकिन कुछ ने भजन ,गीत श्रेष्ठ मधुर आवाज में प्रस्तुत किये गये थे , लेकिन (गणेश जी) विषय आधारित नही थे,और प्रतियोगिता में गणेश जी पर आधारित प्रस्तुत करने थे।
आप सब सहमत होगे तो फिर से नवरात्रि में कार्यक्रम ऑनलाइन रखा जावेगा,माताजी के गरबे,भजन,अथवा मंत्रोचार। सब के प्रमाण पत्र प्रथम से लेकर पांचवे नंबर के चयनित प्रतियोगियों को आगामी दिनों मे कार्यक्रम आयोजित कर दिए जायेगे । प्रतियोगिता में भाग लेने वाली समस्त महिलाओं को ओनलाईन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ये जानकारी डॉ0कीर्ति आचार्य जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बांसवाड़ा ने दी।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस पर जिले के 13 मंडल अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी गोद ली

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

भाजपा महिला मोर्चा बांसवाड़ा ने सेवा और समर्पण सप्ताह के अंतर्गत प्रदेश नैतृत्व के निर्देश अनुसार 17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस पर जिले के 13 मंडल अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी गोद ली। जिसमें धात्री माताओं और बच्चों को फल वितरित किए गये। इसके अंतर्गत बांसवाड़ा नगर के बुथ संख्या 85 में श्यामा राणा के



नैतृत्व में जन्म दिवस मनाया। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हकरू भाई मईडा जिलाध्यक्ष शीतल भंडारी रावजी भाई मईडा प्रधान निर्मला मकवाना जिला परिषद सदस्य पिंटू चरपोटा नर्मदा मईडा शालिनी जैन भारती शर्मा बुथ अध्यक्ष भारती भट्ट राखी कंसारा मिल्कियत कोर मोनिका भोई अनिता पारगी ज्योति रावत कमलेश कुंवर शक्तावत राजेश्वरी चौधरी नुपुर शाह आदि उपस्थित रहे।

## कोली समाज ने जीएसएस के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष रतिराम पाराशर का किया स्वागत सम्मान




**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर।** दी बाबा ग्राम सेवा सहकारी समिति कठूमर के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष रतीराम पाराशर का रविवार को कोली समाज के लोगों ने स्वागत सम्मान किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री सतीश पाराशर ने बताया कि जीएसएस के हुए चुनाव में वार्ड नंबर 1 से बराबर में मत मिलने के कारण गोली डाल कर निर्वाचन किया जिसमें रतिराम पाराशर विजय हुआ और उपाध्यक्ष पद पर भी गोली डालकर हुए चुनाव में रतीराम को सफलता मिली इसी खुशी में कोली समाज कठूमर द्वारा रतीराम पाराशर एवं सतीश पाराशर का साफा माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया इस मौके पर कोरी समाज के मनोहर लाल कोली, मानो मिस्त्री, ननुआ कोली ,भारत कोली, मोतीलाल कोली, खूबचंद कोली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी रसोई का हुआ शुभारंभ

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**कुशलगढ़** आज नगर पालिका परिसर में बनाए इंदिरा रसोईघर का शुभारंभ किया गया शुभारंभ को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता रजनीकांत खबरिया ने कहा कि राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने पूरे राजस्थान में आज इंदिरा रसोईघर का शुभारंभ किया है इंदिरा रसोई से कई गरीब लोगों को भोजन प्राप्त करने में सुविधा उपलब्ध होगी



सरकार ने गरीब लोगों को देखते हुए और आम लोगों के लिए इंदिरा रसोई के मार्फत 8 रुपए में भरपेट खाना बिठा कर खिलाना और गरम-गरम चपाती दाल सब्जी और अचार सहित भरपेट लोगों को भोजन उपलब्ध होगा इस अवसर पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सोहन लाल नायक ने कहा कि राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने आज पूरे राजस्थान में 512 इंदिरा रसोई का शुभारंभ किया गया है इस अवसर पर आज कुशलगढ़ नगर पालिका परिसर में भी इंदिरा रसोई का टीवी के माध्यम से रिबन काटा गया है नगरपालिका के आसपास अस्पताल होने के कारण मरीजों के साथ आने वाले लोगों को भोजन लेने में बहुत सुविधा उपलब्ध होगी और गरीब मजदूर नगर में मजदूरी करने आते हैं उनको भी इंदिरा रसोई में ?8 में भोजन उपलब्ध हो सकेगा कार्यक्रम में नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता ने इंदिरा रसोई का रिबन काटकर शुभारंभ किया शुभारंभ अवसर पर इंदिरा रसोई की संचालिका रीना ठाकुर ने सभी को तिलक लगाकर स्वागत किया पार्षद सा पिया कौशर पार्षद श्रीमती राखी पार्षद और यूथ कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र परमार पार्षद जितेंद्र हरि पार्षद नरेश गाजिया पार्षद शंकरलाल पार्षद दीप्ति टेलर आशीष चोपड़ा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सोहन लाल नायक पहलाद सिंह राठौर नगर पालिका जयन भावसार रेखा मीणा मनोज राव खुशपाल सिंह राठौड़ संजय जमादार मंगल जमादार मनोज राव और धरोहर संस्था की और इंदिरा रसोई घर की संचालिका रीना ठाकुर कलावती पंड्या सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कन्हैयालाल के हत्यारों को लेकर एनआईए पहुंची उदयपुर, घटनास्थल की करवाई गई तस्दीक



**मरूधर विशेष/विशेष सवांददाता**

**उदयपुर ।** कन्हैयालाल के दोनों हत्यारे मौहम्मद गौस और रियाज को एनआईए अलग-अलग गाड़ियों में लेकर घटनास्थल पर पहुंची, जहां गाड़ी में ही बिठाकर दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों को एनआईए अजमेर से लेकर शुक्रवार को उदयपुर पहुंची। आरोपियों को भूपालपुरा थाने लाया गया। शनिवार सुबह पांच बजे दोनों आरोपियों को मालदास स्ट्रीट लेकर जाया गया, जहां रियाज और ने दुकान में घुसकर कन्हैया की हत्या की थी। एनआईए की टीम शुक्रवार रात 11 बजे हत्याकांड के मुख्य आरोपी रियाज और गौस मोहम्मद को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल से उदयपुर लेकर आई थी। दोनों को हत्याकांड के बाद पहली बार उदयपुर के भूपालपुरा थाना लाया गया। यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। शनिवार सुबह पांच बजे बाद एनआईए के अधिकारी और स्थानीय पुलिस भारी सुरक्षा जाब्ते के बीच दोनों आरोपियों को मौका तस्दीक के लिए घटनास्थल लेकर पहुंची। एनआईए की टीम ने दोनों आरोपियों को अपनी अलग-अलग गाड़ियों में बिठाया था। दोनों बापर्दा आरोपी को लेकर सबसे पहले हाथीपोल गेट ले जाया गया, जहां एनआईए के अधिकारियों ने गाड़ी रोक कर आरोपियों से कुछ जानकारी ली। इसके बाद एनआईए की टीम मालदा स्ट्रीट भूत महल गली स्थित कन्हैया लाल की दुकान पर भी पहुंची। एनआईए ने दोनों आरोपियों से गाड़ी में ही पूरी जानकारी ली।

### दुकान में घुसकर की थी हत्या

बता दें कि 28 जून को आरोपी रियाज और गौस मोहम्मद ने कन्हैयालाल की निर्ममता से हत्या कर दी थी। हत्यारे रियाज और गौस मोहम्मद कपड़े सिलवाने के बहाने दुकान में घुसे थे। आरोपियों ने कन्हैयालाल पर चाकू से हमला कर दिया था। कन्हैयालाल की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## सेवाकार्यो के साथ मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन




**सवांददाता प्रकाश भागनानी**

**अराई।** कस्बे अरांई में भाजपा मण्डल अरांई व भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 72 वा जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जिला परिषद सदस्य नाथू नुवाद व भाजपा मण्डल अध्यक्ष रामसिंह राठौड़ के नेतृत्व में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किये गए। मण्डल अध्यक्ष रामसिंह राठौड़ ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा कार्य पखवाड़ा मनाया जायेगा। इस दौरान फल वितरण कार्यक्रम के प्रभारी नाथूराम नुवाद जिला परिषद सदस्य, मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि शैतान पूनिया थे अध्यक्षता रामसिंह राठौड़ भाजपा मण्डल अरांई थे, शिवराज उदय, कमल कुमार जैन महामंत्री, रिध्धकरण भील पंचायत समिति सदस्य,भगवतसिह राठौड़ भोगादीत, कन्हैया लाल टेलर, गोपी लाल मेवाडा, नवल किशोर सैनी, मंत्री, सावर लाल डांग युवा मोर्चा अध्यक्ष, कालूराम चौधरी सील,छोटू लाल गुर्जर अराई,शरद शर्मा, नंदराम नुवाद, विष्णु नामा, राधेश्याम आचार्य, मंगल राम साहू, , रामस्वरूप जाजुन्दा भोगादीत, राजू नुवाद अरांई, विष्णु प्रसाद आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे,

## नपा खेडली में इन्दिरा रसोई का विधायक बैरवा ने फीता काटकर किया शुभारंभ




**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर ।** नगर पालिका खेडली में इन्दिरा रसोई योजना का विधायक बाबूलाल बैरवा ने रविवार को फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक बाबूलाल बैरवा व नगर पालिका चैयरमैन संजय गीजगडिया का माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालन बनवारी जांगिड ने किया। इस मौके पर चेयरमैन संजय गीजगडिया, विधायक निजी सचिव व पार्षद वीरू बैरवा, पीसीसी सदस्य पिंकू शर्मा, ईओ किंगपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शिब्बोराम गुर्जर, जगराम वैध, हरदयाल अवस्थी, प्रहलाद जाटव बसेठ, प्रदेश महामंत्री स्वर्णकार समाज, नीरज सोनी, श्याम बसेठिया, कमल नरूका, सोनू सोती सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में किया पौधारोपण

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष याकूब खान ढाणा के नेतृत्व में सेवाभाव के कार्य किए जा रहे हैं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला के जिलाध्यक्ष याकूब खान ने बताया कि इस सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रथम दिन भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा भरतपुर द्वारा ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में वृक्षारोपण कर पर्यावरण रक्षा का



संदेश दिया गया पौधारोपण के दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं को रोपित किए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई 7इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष युसूफ खान एवं पंचायत समिति सदस्य राहुल फौजी कासिम खान अखलाक खान कलीम खान सहित गांव नंदेरा के कार्यकर्ता मौजूद थे।